




सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22








वर्ष- 14 अंक - 312 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, गुरुवार 24 अगस्त 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास - खबर



### रायपुर पहुंची निर्वाचन आयोग की टीम, चुनाव की तैयारियों की करेगी समीक्षा

**रायपुर।** भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार और भारत निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ अधिकारी रायपुर पहुंचे। वे राज्य में विधानसभा आम निर्वाचन-2023 की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। साथ राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी चर्चा करेंगे। इससे पहले छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने राजीव कुमार और आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों का स्वामी विवेकानंद विमानतल पर स्वागत किया।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त के साथ भारत निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त धर्मेन्द्र शर्मा और नितेश व्यास, उप निर्वाचन आयुक्त मनोज कुमार साहू और आरके गुप्ता, वरिष्ठ प्रधान सचिव एनएन बुटोलिया, प्रधान सचिव एसबी जोशी और अवर सचिव रितेश सिंह भी रायपुर पहुंचे। अधिकारी निष्पक्ष चुनाव की पृष्ठभूमि तैयार करेंगे।

छत्तीसगढ़ में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होंगे। मालूम हो कि कांग्रेस ने 2018 के विधानसभा चुनाव में राज्य में 90 में से 68 सीटें जीतकर 15 साल बाद राज्य की सत्ता हासिल की है। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के नेतृत्व में उतरी भाजपा को केवल 15 सीटें हासिल हुई थी। 2018 के बाद से भाजपा यहां हुए पांच उपचुनाव हार चुकी है। हाल ही में हुए भानुप्रतापपुर विधानसभा उपचुनाव इसका ताजा उदाहरण है। इससे पहले दंतेवाड़ा, चित्रकोट, मरवाही और खैरागढ़ में भी कांग्रेस को जीत मिली थी।

# ब्लाक अध्यक्षों की माथापच्ची खत्म, अब जिला कमेटी को सौंपी जाएगी 5-5 दावेदारों की सूची

## पहली बार जिले से 23 महिलाओं ने भी की है दावेदारी, 6 में से एक सीट मिलना लगभग तय

श्रीकंचनपथ न्यूज़

भिलाई। टिकट के दावेदारों ने कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्षों की सिरदर्दी बढ़ा दी है। हालांकि ज्यादातर दावेदारों को प्रभावशाली नहीं माना गया है। जिले की 6 विधानसभा सीटों में कुल 153 लोगों ने टिकट का दावा ठोका है। इनमें भी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पाटन सीट पर इकलौता आवेदन स्वयं सीएम ने जमा कराया है। सबसे ज्यादा आवेदन वैशाली नगर क्षेत्र के लिए आए हैं। यहां कुल 71 लोगों ने टिकट की मांग की है। उसके बाद सतनामी समाज के गुरू रूद्रकुमार को चुनौती मिली है। उनकी अहिवारा सीट से 32 लोगों ने आवेदन किया है। जबकि भिलाई नगर से 22 और दुर्ग शहर सीट से 21 की दावेदारी सामने आई है। गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के क्षेत्र से भी 12 लोगों ने दावेदारी के आवेदन जमा कराए हैं। हालांकि इन सीटों से कुछ लोगों ने बाद में अपने नाम वापस ले लिए। महत्वपूर्ण बात यह है कि इस बार कुल 23 महिलाओं ने भी टिकट के लिए दावेदारी जताई है। जिले की कम से कम 1 सीट पर महिला प्रत्याशी उतारे जाने की पूरी संभावना है। ब्लाक अध्यक्षों को कल जिला कमेटी को 5-5 नामों का पैनल बनाकर सूची सौंपनी है। जिसके बाद जिला कमेटी 29 अगस्त तक नामों पर विचार करेगी फिर 31 अगस्त तक प्रदेश कमेटी को अपनी अनुशंसा के साथ नाम भेज देगी।



### वैशाली नगर में क्यों टूट पड़े कांग्रेसी

2008 में अपने गठन के बाद से ही भाजपा के लिए जिले की सबसे सुरक्षित सीट रही वैशाली नगर से कांग्रेस में सबसे ज्यादा आवेदन आए हैं। यहां से कुल 71 कांग्रेसियों ने दावेदारी की है। दरअसल, इस सीट पर अब तक हुए 4 चुनावों में 3 बार भाजपा को जीत मिली है। भाजपा में भी यहां टिकट दावेदारों की भरमार है, क्योंकि हर भाजपाई को लगता है कि यहां से टिकट मिलते ही जीत पक्की हो जाएगी। हालांकि पार्टी में टिकट वितरण के लिए किसी प्रक्रिया को अपनाए जाने के बजाए सीधे दिल्ली से प्रत्याशियों की घोषणा हो रहे है। इधर, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार आने के बाद क्षेत्र के हालात बदले हैं। स्थानीय नागरिक क्षेत्र में विकास नहीं होने और मूलभूत सुविधाओं के अभाव को बड़ा मुद्दा बना रहे हैं। वहीं, कांग्रेस ने भी वैशाली नगर में अपनी जड़ें मजबूत की है। ऐसे में कांग्रेस के भीतर भी यह हवा चल निकली है कि इस बार वैशाली नगर की फतह तय है। कई दावेदारों ने वैशाली नगर के साथ ही भिलाई नगर सीट के लिए भी आवेदन दिया है। आवेदनों की संख्या बढ़ने की एक वजह यह भी है। वर्तमान में यह सीट इसलिए रिक्त है, क्योंकि हाल ही में भाजपा विधायक विद्यारतन भसीन का निधन हो गया था। 2018 के चुनाव में जिले की यही इकलौती सीट थी, जिस पर भाजपा को जीत मिली थी।

### पार्टी के अध्यक्ष भी दावेदार

यूं तो चुनाव लड़ने पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने जमकर दावेदारी की है, लेकिन कई क्षेत्रों में संगठन प्रमुख स्वयं भी टिकट के दावेदार के रूप में उभरे हैं। दुर्ग जिला ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष निर्मल कोसरे ने अहिवारा क्षेत्र से टिकट की मांग की है। यहां से वर्तमान में सतनामी समाज के गुरू व पीएचई मंत्री रूद्रकुमार विधायक हैं। भिलाई जिला कांग्रेस के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने वैशाली नगर सीट के लिए आवेदन किया है। वहीं पूर्व जिलाध्यक्ष तुलसी साहू ने भी वैशाली नगर से दावेदारी ठोकी है। वैसे अहिवारा क्षेत्र से रिटायर्ड पुलिस अफसर कविलाश टंडन ने भी आवेदन किया है। वैशाली नगर क्षेत्र से पिछला चुनाव हारे पूर्व राज्यमंत्री बीडी कुरैशी ने भिलाई के साथ ही वैशाली नगर में भी आवेदन किया है। दुर्ग ग्रामीण सीट से 2013 में चुनाव हार चुकीं प्रतिमा चंद्राकर ने भी चुनाव लड़ने में दिलचस्पी दिखाई है। वहीं पूर्व महापौर नीता लोधी ने भी दावेदारी की है। इधर, पार्टी ने 50 फीसद सीटें युवाओं को देने का ऐलान किया है। इसलिए भी युवा कांग्रेस से लेकर एनएसयूआई के नेताओं तक ने टिकट का दावा ठोंक दिया है। दुर्ग शहर से एनएसयूआई नेता और दुर्ग ग्रामीण से युवा कांग्रेस के नेता की दावेदारी को इसी परिप्रेक्ष्य में देखा जा रहा है। हालांकि ये दावेदारी कद्दावर नेताओं के सामने की गई है।

कांग्रेस की टिकट के लिए आवेदन करने की तारीख तो समाप्त हो गई है, लेकिन ब्लाक अध्यक्षों की उलझनें थमी नहीं है। खबर है कि कई ब्लाक अध्यक्षों ने जिला और प्रदेश कमेटी से मार्गदर्शन मांगा था। आवेदन की तारीख खत्म होने के बाद ब्लाक अध्यक्षों को 2 दिन का वक्त दिया गया था। यह वक्त आज खत्म हो रहा है। उन्हें आवेदनों की छँटनी कर 5-5 नामों का पैनल बनाकर सूची को जिला कांग्रेस कमेटी को देना है। जिला कमेटी 3-3 नामों का पैनल बनाकर प्रदेश कमेटी को सौंपेगी। प्रदेश से 1 या 2 नाम हाईकमान को भेजे जाएंगे। वहीं से प्रत्याशियों का ऐलान होगा। कांग्रेस ने 2018 के चुनाव में पहली बार ब्लाक अध्यक्षों के जरिए आवेदन लेने की पहल की थी। इसका सबसे सकारात्मक नतीजा यह निकला था कि कार्यकर्ताओं को चार्ज करने की जरूरत नहीं पड़ी। उनमें उत्साह भी आया और काम करने का जोश भी। इसका सीधा असर नतीजों पर पड़ा था। लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत आवेदन करने और टिकट वितरण से कार्यकर्ताओं में पार्टी के प्रति भरोसा भी बढ़ा। इन सबके चलते इस बार भी पार्टी ने उसी प्रक्रिया को अपनाया है। हालांकि इस बार स्थितियां विगत चुनाव से बिलकुल अलग है। 2018 में भाजपा की सरकार थी और कांग्रेस विपक्ष में थी, इसलिए सत्ता का वनवास खत्म करने के लिए कांग्रेस के एक-एक कार्यकर्ता ने जी तोड़ मेहनत की थी। किन्तु इस बार पार्टी सत्ता में है। शायद यही वजह है कि इस बार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में आवेदन आए हैं। पार्टी में आवेदनों की प्रक्रिया 17 अगस्त से शुरू हुई थी।

### पूरे प्रदेश में मच-मच

ऐसा नहीं है कि दुर्ग जिले में ही दावेदारों की भरमार है, पूरे प्रदेश में यही हाल है। आश्चर्य की बात है कि प्रदेश में सबसे ज्यादा आवेदन अंबिकापुर सीट से आए हैं, जहां से उपमुख्यमंत्री व धाकड़ नेता टीएस सिंहदेव विधायक हैं। यहां से 100 लोगों ने टिकट मांगी है। वैसे, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के अलावा प्रदेश में कई और भी नेता हैं, जिनके सामने दूसरा दावेदार नहीं है। इनमें आबकारी मंत्री कवासी लखमा और उच्चशिक्षामंत्री उमेश पटेल आदि के नाम शामिल हैं। साजा क्षेत्र में रविन्द्र चौबे के सामने जरूर एक दावेदार सामने आया है। चौबे के अलावा बाकी के मंत्रियों को भी दावेदारों की चुनौती मिली है। इनमें सबसे ज्यादा दावेदार पीएचई मंत्री रूद्रकुमार के सामने हैं। यहां से कुल 26 आवेदन आए हैं। उसके बाद खाद्यमंत्री अमरजीत भगत के सामने 15 लोगों ने टिकट मांगी है। गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के क्षेत्र से एक दर्जन दावेदार तो नगरीय प्रशासन मंत्री शिवकुमार डहरिया के क्षेत्र से 10 टिकटार्थी सामने आए हैं। वनमंत्री अमर अग्रवाल को 7, राजस्वमंत्री जयसिंह अग्रवाल को 5 तो महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेड़िया को 6 कांग्रेसियों ने टिकट की चुनौती दी है।

# भारतीय कुश्ती संघ की सदस्यता रद्द, विश्व चैंपियनशिप में तिरंगे के साथ नहीं खेलेंगे भारतीय पहलवान

**नई दिल्ली।** विश्व कुश्ती संघ (यूनाइडेट वर्ल्ड रेसलिंग) ने भारतीय कुश्ती संघ की सदस्यता रद्द कर दी है। भारतीय कुश्ती संघ में चुनाव नहीं होने की वजह से यह कार्रवाई की गई है। कुश्ती संघ की सदस्यता रद्द होने के चलते आगामी विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भारतीय पहलवान भारत के झंडे के तले नहीं खेलेंगे।

भारतीय पहलवानों को 16 सितंबर से शुरू होने वाली ओलंपिक-क्वालीफाइंग विश्व चैंपियनशिप में 'न्यूट्रल एथलीट' के रूप में भाग लेना होगा। भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह का कार्यकाल काफी पहले ही खत्म हो चुका है। इसके बाद कुश्ती संघ में चुनाव कराने के कई प्रयास किए गए और सुप्रीम कोर्ट ने कई बार चुनाव की तारीखें तय की, लेकिन अलग-अलग हाईकोर्ट अलग-अलग राज्य के कुश्ती संघों की याचिका के आधार पर चुनाव में रोक लगाते रहे हैं। इसी वजह से अब तक कुश्ती संघ के चुनाव नहीं हो पाए हैं।

भारतीय कुश्ती संघ के चुनाव कई बार स्थगित हो चुके हैं। कई राज्यों के कुश्ती संघ चुनाव की मौजूदा प्रक्रिया से संतुष्ट नहीं हैं और उनकी याचिका पर कई बार कुश्ती संघ के चुनाव पर रोक लग चुकी है। बताया जा रहा है कि इसी वजह से विश्व कुश्ती संघ ने भारतीय कुश्ती संघ की सदस्यता रद्द कर दी है।




# चांद पर पहुंचने के बाद सामने आई रोवर की पहली तस्वीर, इसरो ने किया साझा

**श्रीहरिकोटा (एजेंसी)।** चंद्रयान-3 का लैंडर मॉड्यूल (एलएम) बुधवार शाम चंद्रमा की सतह पर उतर गया। भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। लैंडर (विक्रम) और रोवर (प्रज्ञान) से युक्त लैंडर मॉड्यूल ने शाम छह बजकर चार मिनट पर चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र पर सॉफ्ट लैंडिंग की। इसके बाद अब रोवर को लैंडर मॉड्यूल से बाहर निकाला गया है। इसकी एक तस्वीर इसरो के पवन गोयनका ने भी शेयर की हैं।

अमेरिका, रूस और चीन के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाला भारत दुनिया का चौथा देश बन गया है। वहीं चांद के दक्षिणी ध्रुव पर लैंड करने वाला भारत दुनिया का पहला देश बन गया है। यही नहीं इसरो के लाइव स्ट्रीमिंग लिंक ने भी यूट्यूब पर इतिहास रच दिया। इसकी लाइव स्ट्रीमिंग को 8.06 मिलियन लोगों ने एक साथ देखा, जिसने यूट्यूब इतिहास के सभी कीर्तिमान ध्वस्त कर दिए।

### ब्रिक्स में छाए रहे पीएम मोदी



बुधवार को ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान बैंक्वेट डिनर का आयोजन किया गया। इस डिनर कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी आकर्षण का केंद्र रहे। दरअसल भारत के चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के बाद दुनिया भर के नेताओं ने पीएम मोदी को बधाई और शुभकामनाएं दीं। अधिकतर नेता पीएम मोदी से मिलकर उन्हें मिशन की सफलता की बधाई दे रहे थे। इनमें बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना भी शामिल रहीं।

### सोनिया गांधी ने दी बधाई

सोनिया गांधी ने सोमनाथ को लिखे पत्र में कहा, मैं आपको अवगत कराना चाहती हूं कि बीती शाम इसरो द्वारा हासिल की शानदार उपलब्धि से मैं बहुत प्रसन्न हुई। यह सभी भारतवासियों, खासकर युवाओं के लिए गर्व और उत्साह का विषय है। उन्होंने कहा, बीते कई दशकों से इसरो की शानदार क्षमताओं का निर्माण हुआ है। इसके पास हमेशा बेहतरीन नेतृत्वकर्ता रहे और सामूहिक प्रयास की भावना रही, जिसने इसे हमेशा आगे बढ़ाया। सोनिया गांधी के अनुसार, इसरो 1960 के दशक से आत्मनिर्भरता के आधार पर आगे बढ़ा जिसका इसकी सफलता में बड़ा योगदान रहा। उन्होंने कहा कि इस मौके पर वह इसरो के प्रत्येक सदस्य को बधाई देती हैं।

# नई शिक्षा नीति : साल में दो बार होंगी 10वीं व 12वीं की परीक्षाएं

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** नई शिक्षा नीति के तहत देश की एजुकेशन सिस्टम में महत्वपूर्ण बदलाव किया जा रहा है। इसी कड़ी में केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय बोर्ड एग्जाम का नया खाका तैयार किया है। इसके तहत अब 10वीं व 12वीं की परीक्षाएं साल में दो बार होंगी। दोनों परीक्षाओं में से जिसमें छात्र के नंबर ज्यादा होंगे उसे फाइनल माना जाएगा। वहीं अब 11वीं और 12वीं के स्टूडेंट्स को दो भाषाएं पढ़नी होंगी। इनमें से एक भारतीय भाषा होगी। बुधवार को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लेकर हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। शिक्षा सत्र 2024-25 से इसे लागू किया जाएगा।

### सिलेबस में भी होंगे बदलाव

नई शिक्षा नीति के तहत सिलेबस में बदलाव की बातें कही गई है। शिक्षा मंत्रालय के अनुसार ऐकेडमिक सेशन 2024 के लिए किताबों में भी बदलाव किया जा रहा है। अब स्टूडेंट्स को भारी-भरकम सिलेबस मुक्ति मिलेगी। नया सिलेबस न्यू एजुकेशन पॉलिसी-2020 को ध्यान में रखकर तैयार किया जाएगा। कोर्स पूरा होने के पर स्कूल एग्जाम की मांग कर सकेंगे।



### राज्य सरकारों को भी जारी होंगे निर्देश

केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के निर्णय को जल्द ही राज्य सरकारों को भेजा जाएगा। नई शिक्षा नीति का पहले से ही कुछ राज्य विरोध कर रहे हैं। तमिलनाडु व केरल ऐसे राज्य हैं जो नई शिक्षा नीति के विरोध में है। इनमें तीसरा नाम कर्नाटक का भी जुड गया है हालांकि कर्नाटक सरकार ने अधिकारिक तौर पर इसके विरोध को लेकर कोई बयान जारी नहीं किया है।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बैठक के के बाद बताया नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के तहत बोर्ड परीक्षाओं का नया ढांचा तैयार हो गया है। 2024 के शिक्षा सत्र में किताबें भी इसी के हिसाब से तैयार होंगी। साल में दो बार परीक्षा को लेकर केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय का मानना है कि इससे छात्र स्वयं की तैयारियों का मूल्याकंन कर सकेंगे। इससे छात्रों में समझ व मूल्यांकर करने की दक्षता बचेगी और सालभर कोचिंग के झंझट से भी मुक्ति मिलेगी। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का कहना है कि इस नए पैटर्न से बच्चों का फोकस विषयों पर बना रहेगा।

# 'मिशन चंद्रयान' और 'चंदा मामा टूर के'

श्रीकंचनपथ न्यूज




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खूब कहा है कि अब चांद को लेकर हमारी कहानियां और मुहावरे बदल जाएंगे। हम बच्चों को सिखाते थे 'चंदा मामा दूर के' अब बताएंगे 'चंदा मामा टूर के'। इस उपलब्धि की व्याख्या इससे ज्यादा सुन्दर ढंग से नहीं की जा सकती थी। उन्होंने इसे 140 करोड़ देशवासियों की उपलब्धि बताते हुए इसरो की पूरी टीम को बधाई दी। इस टीम में छत्तीसगढ़ के चार वैज्ञानिक भी शामिल हैं। इनमें से तीन बिलासपुर से और एक दुर्ग जिले से है। राज्य के सरकारी अभियांत्रिकी महाविद्यालयों में पढ़े इन वैज्ञानिकों में शामिल हैं बिलासपुर की स्वाति स्वर्णकार, विकास श्रीवास और बिलासपुर सरकंडा की ही सुजा अनिता भट्टाचार्य। इसके साथ ही दुर्ग जिले के चरोदा जी केबिन निवासी के भारत भी इस टीम के सदस्य हैं। चंद्रयान हम सबकी सफलता है, पर यह बेहद दु:खद है कि चंद्रयान की सफलता का श्रेय लेने की होड़ प्रारंभ हो गई है। कोई भी बड़ी कामयाबी एक दो दिन की तैयारी का परिणाम नहीं होती। इसके पीछे संघर्ष और असफलताओं की एक लंबी श्रृंखला होती है। अंतरिक्ष अनुसंधान की नींव देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने रखी थी। तब देश की जैसी माली हालत और आकांक्षा थी, तैयारी भी उसके अनुरूप ही थी। इसके बाद प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी इस मिशन को आगे बढ़ाया और 1975 में सीमित साधनों के बीच इसरो ने आर्यभट्ट और भास्कर को अंतरिक्ष में भेजा. उन दिनों अंतरिक्ष कार्यक्रम देश की प्राथमिकता सूची में नहीं हो सकती थी पर इसके महत्व को तब भी स्वीकार किया गया था। प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल में 2008 में श्रीहरिकोटा से चंद्रयान-1 को सफलतापूर्वक लांच किया गया। चंद्रयान-2 की तैयारी भी उन्हीं के कार्यकाल में प्रारंभ हो चुकी थी। 2013 में इसी सरकार ने मंगलयान-1 को भी प्रक्षेपित कर दिया जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में मंगल पहुंचा। अब तक देश के माली हालात बदल चुक थे। देश की दिशा और प्राथमिकताएं भी बदलने लगी थीं। नरेन्द्र मोदी सरकार ने इसरो के लिए फंड्स की उपलब्धता बढ़ा कर 2014 के 5,400 करोड़ से 2022 में 14217 करोड़ रुपए कर दिया। अकेले अंतरिक्ष क्षेत्र के बजट में पिछले 10 वर्षों में 123 फीसदी की भारी वृद्धि की गई है। आज भारत सक्षम है इसलिए वह ऐसा कर पा रहा है। आज चरोदा जी-केबिन का भास्कर इसरो में वैज्ञानिक है तो इससे उसके गार्ड पिता की उपलब्धि कैसे कम हो जाती है? नींव के पत्थर भले ही सुन्दर न हों, भले ही वे दिखाई न देते हों पर इससे उनका महत्व कम नहीं हो जाता। खासकर ऐसे समय में, जब भारत अपने सुनहरे अतीत को याद कर रहा है, अगर वह अतीत को झुठलाकर आगे बढ़ना चाहता है तो वह केवल खुद को धोखा दे रहा होगा। इसरो पुराना, उसके वैज्ञानिक भी पुराने फिर उपलब्धि का श्रेय किसी भी राजनीतिक दल का कैसे हो सकता है?




## संपादकीय

# चांद की गोद में

चांद अक्सर सबके सपनों में आता है, पर अब ऐसे शानदार ढंग से भारत के तमगों में शुमार हुआ है कि दुनिया अचंभित देख रही है। तारीख 23 अगस्त 2023, बुधवार शाम 6.04 बजे, वक्त हमेशा के लिए भारत के नाम दर्ज हो गया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर यान (चंद्रयान-3) उतारने वाला पहला देश बन गया है। अमेरिका, रूस और चीन के सामने भी भारत ने चुनौती पेश कर दी है। भारत को चांद पर उस जगह उतरने में कामयाबी मिली है, जहां रूस का लूना-25 चार दिन पहले ही नाकाम होकर गिरा था। मुख्य चुनौती चांद पर धीरे से उतरने की थी, जिसे विक्रम लैंडर ने पूरा कर दिखाया है। चंद्रयान-2 की हल्की निराशा अब दूर हुई है। बुधवार को चंद्रयान की सफलता के लिए जिस तरह का जोश, जज्बा और जुनून देश में दिख रहा था, उसे भुलाना मुश्किल है। जगह-जगह लोगों ने पूजा-प्रार्थना और दुआओं से देश की सफलता की कामना की थी। आज जैसी खुशी देश को मिली है, उसे आगे बढ़ाने के बारे में हर किसी को सोचना चाहिए।

> अमेरिका और सोवियत संघ के बीच शीतयुद्ध न होता, तो प्रतिद्वंद्विता न होती और अमेरिका चांद पर पहुंचने की जल्दी न मचाता। ध्यान रहे, शीतयुद्ध जब थमने लगा था, तब 1980 के दशक में अंतरिक्ष अभियानों पर एक तरह से रोक ही लग गई थी। बीते दो दशक में अंतरिक्ष विज्ञान को मानो पंख लग गए हैं। भारत की वैज्ञानिक कामयाबियां अतुलनीय हैं। भारत ने अपने दम पर ही ज्यादातर अभियानों को सफल बनाया है।

मानव जीवन में विज्ञान का कोई विकल्प नहीं। अब इसरो की नजर सौर ऊर्जा से चलने वाले रोवर प्रज्ञान पर रहेगी, जो आगामी दिनों में दुनिया को अनूठे ज्ञान से समृद्ध करेगा। बेशक, भारतीय विज्ञान ने लंबी यात्रा पूरी की है। इस यात्रा में जो उतार-चढ़ाव आए हैं, यह उनको भी याद करने का समय है। चंद्रयान का सपना पिछली सदी के अंत में ही देखा गया था और उसके बाद जमीनी स्तर पर साल 2003 में तैयारियां शुरू हुईं और यह बड़ी कामयाबी है कि भारत का पहला चंद्रयान ही पूरी तरह से सफल रहा था। दुनिया में दूसरा ऐसा कोई देश नहीं है, जिसने इतने कम समय में इतना सफल अभियान चलाया हो। अमेरिका और सोवियत संघ के अनेक प्रयास नाकाम हुए हैं। आज भारत की कामयाबी से चीन भी प्रेरित हो रहा होगा। कोई शक नहीं है कि चंद्रयान-3 की सफलता से विज्ञान की दुनिया में प्रतिद्वंद्विता भी बढ़ेगी और इसका लाभ सबको होगा। गौर करने की बात है कि चांद पर इंसान के कदम पड़ने के पीछे भी प्रतिद्वंद्विता का ही सर्वाधिक योगदान था। अमेरिका और सोवियत संघ के बीच शीतयुद्ध न होता, तो प्रतिद्वंद्विता न होती और अमेरिका चांद पर पहुंचने की जल्दी न मचाता। ध्यान रहे, शीतयुद्ध जब थमने लगा था, तब 1980 के दशक में अंतरिक्ष अभियानों पर एक तरह से रोक ही लग गई थी। बीते दो दशक में अंतरिक्ष विज्ञान को मानो पंख लग गए हैं। भारत की वैज्ञानिक कामयाबियां अतुलनीय हैं। भारत ने अपने दम पर ही ज्यादातर अभियानों को सफल बनाया है। चीन की वैज्ञानिक तरक्की के पीछे अमेरिकी योगदान से कोई इनकार नहीं कर सकता, पर भारत की वैज्ञानिक तरक्की में अमेरिका का योगदान बहुत कम है। तकनीक साझा करने की बात हो या नासा के किसी अभियान में सीधे सहयोग की बात, अमेरिका हिचक का शिकार रहा है। हालांकि, भारत की वैज्ञानिक आत्मनिर्भरता का लोहा अमेरिकी अंतरिक्ष विज्ञान एजेंसी नासा भी मानती है। चंद्रयान-3 की सफलता से नासा को भी प्रसन्नता होगी। नासा पहले की तुलना में इसरो के साथ समन्वय के लिए ज्यादा लालायित होगा और यह भी भारत के लिए एक बड़ी कामयाबी है। चंद्रयान-3 यदि चांद पर किसी नई खोज में कामयाब होता है, तो भारत और भारतीयों के सम्मान में चार चांद लग जाएंगे। आगे अभियान और भी हैं। भारतीय विज्ञान का सुखद भविष्य सुनिश्चित है।

## राजस्थान में नरेंद्र मोदी लड़ रहे चुनाव!

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले नौ वर्षों में किसी प्रदेश (गुजरात व यूपी में भी नहीं) के विधानसभा चुनाव की भाजपा लड़ाई का कंट्रोल अपने पास नहीं रखा। लेकिन राजस्थान का असेंबली चुनाव अपने कंट्रोल में लिया है। हां, राजस्थान में प्रदेश भाजपा या केंद्रीय भाजपा संगठन दिखावे के रोल में है। नरेंद्र मोदी खुद एक-एक बात तय करते हुए हैं। प्रचार-प्रसार और मीडिया प्रबंधन आदि का सारा काम मोदी-जेपी नड्डा कमांड की अधीनस्थ टीमों से होगा। तमाम व्यस्तताओं के बीच नरेंद्र मोदी हर तरह का टेकओवर लिए हुए होंगे। क्यों? कई कारण हैं। एक, आगे के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को एक भी सीट नहीं जीतने देना। दो, अमित शाह और वसंधुरा राजे का हेडऑन। तीन, मोदी की यह गणित की उनके चेहरे से प्रदेश में आंधी बनेगी। इसलिए मध्य प्रदेश और छतीसगढ़ सीधे अमित शाह की जिम्मेदारी में रहे तो उनके जलवे में की रिस्क नहीं। चार, राजस्थान में कांग्रेस के अंदरूनी हालात। पांच, पिछले तीन विधानसभा चुनाव के आंकड़ों की भाजपा बनाम कांग्रेस तस्वीर। छह, एआईसीसी व प्रदेश कांग्रेस की हवा-हवाई तैयारियां।

इन बातों का एक-एक कर खुलासा संक्षेप में संभव नहीं है। मोटा-मोटी यह जानें कि नरेंद्र मोदी पिछले चुनाव के आंकड़ों व अलग-अलग जरियों की सर्वे रिपोर्टों, फीडबैक, जमीनी बारीक जातीय हिसाब पर फैसले लेते हैं। तभी आश्चर्य नहीं जो गुरुवार को उन्होंने मध्य प्रदेश और छतीसगढ़ की क्रमश: उन 39 व 21 सीटों पर उम्मीदवार सबसे पहले घोषित कराए, जिनमें भाजपा लगातार हारती आई है या जात-पात की गणित व कांग्रेज के दिग्गजों का दांव है। दोनों प्रदेशों की लिस्ट में एसटी-एससी या मुस्लिम बहुल क्षेत्र या दिग्विजय सिंह के क्षेत्र, भूपेश बघेल की सीट (जो उम्मीदवार घोषित किए उनके जीतने के अवसर भले कम हो) पर उम्मीदवार देकर यह मैसेज तो बनवा दिया है कि भाजपा सर्वाधिक कमजोर सीटों पर सर्वाधिक तैयारी और फोकस करते हुए है।

बतौर उदाहरण मुस्लिम बहुत भोपाल मध्य में भाजपा ने ध्रुवनारायण सिंह को उम्मीदवार बनाया। इस सीट पर कांग्रेस का मुस्लिम विधायक है। कहते है कांग्रेस ने पिछले चुनाव में अपने खांटी पुराने कांग्रेसी मुस्लिम को बदल ओवैसी के कहने पर इसे टिकट दी। पहले 2008 में कांग्रेसी विरासत के ध्रुवनारायण सिंह ने भाजपा के टिकट पर चुनाव जीता था। बाद में शहला मसूद की हत्या की साजिश में उनका नाम आया तो साइडलाइन हुए। ध्रुवनारायण सिंह की भाजपा में लॉबी नहीं थी। सो, सीबीआई से क्लीन चिट हुई तब भी हाशिए में। प्रदेश नेताओं से नाम नहीं गया हुआ था। तभी कहते हैं जब दिल्ली की बैठक में मोदी-शाह ने ध्रुवनारायण सिंह का नाम रखवाया तो प्रदेश नेताओं ने दबे में ही सही विरोध कर कहा इससे हल्ला बनेगा। पुरानी खबरें ताजा होंगी। लेकिन दो टूक शब्दों में प्रदेश नेताओं की यह कहते हुए बोलती बंद की गई कि जब सीट पर टक्कर लायक दूसरा कोई नहीं है और इससे पार्टी ने एक बार सीट जीती है तो यही उम्मीदवार। क्या इसके खिलाफ अब कोई केस है? नहीं है तो यह फाइनल। जाहिर है किसी टिकटार्थी का कोई इतिहास हो, संघ-भाजपा के विचार-संगठन में बेगाना हो लेकिन मोदी-शाह वही नाम तय कर रहे हैं, जो जीतने की अधिकतम संभावना लिए है। लिस्ट में दिग्विजय सिंह के भाई के आगे जातीय गणित का हिसाब कर इसी एप्रोच में महिला उम्मीदवार को उतारा। ऐसे ही भूपेश बघेल के मुकाबले में उनके भतीजे भाजपा सासंद विजय बघेल को उतारा गया। कुल मिलाकर एक-एक मुश्किल या हारने वाली सीट पर भी मोदी-शाह की घेरेबंदी बहुत निर्मम है।

> चंद्रमा पर सोडियम मौजूद है, पर वह कितनी मात्रा में है, यह पता नहीं है। यह एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर के डाटा से पता चल जाएगा। चंद्रयान में अब तक का सबसे सक्षम एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर लगा है, जो 25 किलोमीटर के दायरे तक के तत्वों से परावर्तित एक्स-रे का डाटा दे सकेगा। इनके परीक्षण से तत्वों की मौजूदगी सटीक रूप से पता चलेगी। ऐसे ही भूकंपमापक के डाटा से चंद्रमा पर चंद्रकंपों की स्थिति पता चल सकेगी।

# आज हम सबके लिए चांद कुछ और है

दीपक ढींगरा, प्रोफेसर, आईआईटी, कानपुर

चांद पर उतरने का सपना साकार हुआ। चंर्द्रयान-3 की चांद के दक्षिण ध्रुवीय क्षेत्र में सफल लैंडिंग से भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान के दमखम का नया अध्याय शुरू हुआ। इस अभूतपूर्व उपलब्धि से वैज्ञानिकों में नव ऊर्जा और उत्साह का संचार होगा। न केवल भारत में, बल्कि पूरे विश्व में चंद्रमा पर शोध कर रहे वैज्ञानिकों की नजर आगे आने वाले 14 दिनों में एकत्रित जानकारी पर बेसब्री से टिकी रहेगी। जैसा कि कहा जाता है, यह तो पिक्चर का ट्रेलर है, असली पिक्चर अभी बाकी है। आशाओं और महत्वाकांक्षाओं के साथ हम चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र की सतह के बारे में जानने के लिए उत्सुक हैं। चंद्रमा पर सूर्य उदय हो चुका है और अस्त होने से पहले हमें सारा शोध पूरा करना है।

विज्ञान हर प्रयास के साथ कैसे सीखता और आगे बढ़ता है, इसे चंद्रयान-3 के उदाहरण से समझा जा सकता है। चंद्रयान-1 में आधे उपकरण ही भारत के थे, बाकी अमेरिका, बुल्गारिया और यूरोप से साझेदारी के रूप में भेजे गए थे। चंद्रयान-2 में सभी उपकरण भारत के थे। चंद्रयान-3 में भी सभी उपकरण भारत के हैं। हालांकि, इसमें अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने भारत से अनुरोध कर एक उपकरण शामिल कराया है। हमारे इस अभियान में विश्व के सभी अभियानों का कुछ न कुछ योगदान है। 2007 से 2010 के बीच भारत के अलावा चीन, जापान, अमेरिका और यूरोप ने कई चंद्र अभियान किए। ऐसे हर अभियान से मिले वैज्ञानिक आंकड़ों से ही आगे के अभियानों की सफलता तय होती है।



अब सवाल है कि चंद्रयान-3 से हम क्या हासिल कर सकेंगे? असल में, चंद्रयान के उपकरण हमें सैकड़ों तरह के चित्र और आंकड़े देंगे, जिनसे हम वहां ठोस, द्रव, गैस के रूप में तत्वों की मौजूदगी, उनकी मात्रा, प्रकार, बनावट आदि के बारे में अधिक जान सकेंगे। इसके अलावा, इस अभियान द्वारा चंद्रमा से हम पृथ्वी, सूर्य और आकाशगंगा के तमाम अनजान सितारों के बारे में भी सूचनाओं के सिरे तलाशेंगे। यहां हमें कुछ ऐसे तथ्य-आंकड़े मिल सकते हैं, जो प्लेटेनरी डिफेंस (खगोलीय सुरक्षा) का ढांचा बनाने में मदद करेंगे। ऐसी सूचनाएं पूरी दुनिया के लिए जरूरी हैं।

हमारे चंद्रयान-1 की बड़ी सफलता यह थी कि उसमें लगे नासा के एम-क्यूब (मून मिनरॉलजी मैपर) से वहां पानी की पुष्टि हुई थी। चंद्रमा पर पानी की सर्वाधिक मात्रा और संभावना ध्रुवों पर हो सकती है। पानी किस रूप में, कितना और कैसा है, अब यह जानना शेष है। चंद्रयान-3 मिशन कितना महत्वपूर्ण है, इसे इस बात से समझा जा सकता है कि अगले कुछ वर्षों में दर्जन भर चंद्र-अभियान होने वाले हैं। ये सभी ध्रुवों पर होंगे। इनमें कुछ अभियान चुनिंदा देशों के हैं, तो कुछ निजी कंपनियों के भी हैं।

चंद्रयान-3 से चंद्रमा पर मौजूद तत्वों-खनिजों के बारे में अधिकाधिक जानकारियां मिलेंगी। एक उदाहरण देता हूं। चंद्रमा पर सोडियम मौजूद है, पर वह कितनी मात्रा में है, यह पता नहीं है। यह एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर के डाटा से पता चल जाएगा। चंद्रयान में अब तक का सबसे सक्षम एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर लगा है, जो 25 किलोमीटर के दायरे तक के तत्वों से परावर्तित एक्स-रे का डाटा दे सकेगा। इनके परीक्षण से तत्वों की मौजूदगी सटीक रूप से पता चलेगी। ऐसे ही भूकंपमापक के डाटा से चंद्रमा पर चंद्रकंपों की स्थिति पता चल सकेगी। हम यह भी जान सकेंगे कि पृथ्वी की तरह चंद्रमा के गर्भ में कोर (तरल केंद्र) है या नहीं?

अंतरिक्ष में जीवन की खोज की दिशा में चंद्रयान-3 की खास भूमिका होगी। इसके आर्बिटिंग प्लेटफॉर्म पर एक खास उपकरण लगा है, जो चंद्रमा के निकट से धरती पर जीवन के पैरामीटर को रिकॉर्ड करेगा। फिर आकाशगंगा के अन्य तारों-ग्रहों का अध्ययन कर उन पैरामीटर के आधार पर परखेगा। संभव है, किसी ग्रह पर उनमें से कुछ पैरामीटर मिल सकें। अगर ऐसा हुआ, तो अंतरिक्ष में पृथ्वी के सिवाय कहीं और भी जीवन की दिशा में महत्वपूर्ण अध्ययन शुरू हो सकेगा।

ऐसी तमाम सूचनाएं भारत को बड़ी अंतरिक्ष ताकत बनाने में मददगार होंगी। इस क्षेत्र में हमसे आगे चल रहे देश हमारे साथ और बेहतर समन्वय बनाएंगे। सूचनाओं की साझेदारी बढ़ेगी, तो अन्य कई आयाम खुलेंगे। हमारा यान भेजने का अनुभव और दक्षता देखते हुए दुनिया के तमाम देश हमसे अपने यान और सैटेलाइट भेजने में मदद लेंगे। इसका व्यावसायिक उपयोग भी हो सकता है। किसी भी क्षेत्र में बड़ी सफ्लता व्यक्ति और देश को दुनिया में खास पहचान देती है। अंतरिक्ष की यह सफ्लता विदेश में हमारे मेधावी छात्रों को भी बहुत फ्यदा पहुंचाएगी। अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत को ज्यादा सहयोगी मिलेंगे।

क्या भविष्य में चांद पर जीवन संभव हो सकता है? बतौर भू-वैज्ञानिक मैं कह सकता हूं कि क्यों नहीं! विज्ञान किसी संभावना से इनकार नहीं करता, लेकिन इस सवाल के कई आयाम हैं। क्या चंद्रमा पर पृथ्वी से अलग कोई जीवन है? वहां जीवन की संभावना को छोड़ें, क्या धरती पर जीवन बिना चंद्रमा के संभव है? चंद्रमा न हो, तो धरती पर जीवन की संभावनाएं बेहद क्षीण हैं। यह धरती की गति-स्थिति को जीवन के लिए सहायक बनाता है। यह हमारे बायो रिद्म को तय करता है। समुद्र के तमाम जंतुओं की जीवन-चर्या के अध्ययन में ऐसे तमाम तथ्य सामने आ चुके हैं। ज्वार-भाटा प्रत्यक्ष उदाहरण है। मानव व्यवहार पर भी चंद्रमा की गति-स्थिति का प्रभाव पड़ता है।

पूरे विश्व के लिए बेहद महत्वपूर्ण चंद्रयान-3 अभियान से इंजीनियरिंग के लगभग 300 और इसके शोध-विज्ञान से 30 वैज्ञानिक जुड़े हुए हैं। स्पेस रिसर्च पॉलिसी के मुताबिक, एक निर्धारित समय के बाद इस अंतरिक्ष अभियान से मिले डाटा का अध्ययन मुझे भी करना है। यह मेरा सौभाग्य है कि कुछ दुर्लभ जानकारियों को मानवता के सामने लाने में मेरी भी कुछ भूमिका होगी। इससे पहले के दोनों चंद्रयानों के डाटा-विश्लेषण का काम भी मैंने किया है।

बचपन में जब आधा है चंद्रमा, रात आधी... जैसे गीत सुनता था, तब चंद्रमा को लेकर मेरी भी बालसुलभ जिज्ञासाएं हुआ करती थीं। आज मेरे लिए चांद कुछ और ही है। अनंत रहस्यों से भरा धरती का एक प्यारा-सा हिस्सा, जो पुरातन काल में धरती से टूटकर कुछ दूर जा टिका है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# ऑनलाइन भुगतान में दुनिया को राह दिखाने लगा भारत

सतीश कुमार सिंह, आर्थिक विशेषज्ञ

दुनिया की निगाह फिर भारत की ओर उठी, जब जर्मनी के डिजिटल एवं परिवहन मंत्री वोल्कर विस्सिंग ने भारत में एक सब्जी विक्रेता को यूपीआई से भुगतान किया। भारत की डिजिटल भुगतान सफलता देश की बढ़ती मजबूती का ही एक पहलू है। दुनिया के दूसरे देशों में यूपीआई जैसी कोई भुगतान व्यवस्था नहीं है। अमेरिका में फेडनाऊ नाम से भुगतान सुविधा है, पर इसकी प्रणाली अलग है। भारत सरकार ने एनपीसीआई द्वारा 2016 में विकसित यूपीआई की तकनीक को कई देशों यथा फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर, यूएई, सऊदी अरब, ओमान, नेपाल, भूटान, श्रीलंका, पाकिस्तान आदि को भी उपलब्ध कराया है। अन्य देश भी भारत से सीख रहे हैं।




वैसे तमाम तरह की चुनौतियों के बीच यह भारत का कोई अकेला चमकदार पहलू नहीं है। अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाले अनेक कारक हैं और हर जगह ऑनलाइन भुगतान की मजबूत पैठ है। रेटिंग एजेंसियों ने भी हमारी अर्थव्यवस्था के मजबूत होने की बात कही है। देश में जनधन खातों की कुल संख्या 50 करोड़ के आंकड़े को पार कर गई है, जिनमें से 56 प्रतिशत खाते महिलाओं के हैं। लगभग 67 प्रतिशत खाते ग्रामीण व अर्द्ध-शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं। 13 अगस्त तक जनधन खातों में कुल जमा राशि 2.03 लाख करोड़ रुपये से अधिक थी और इनमें अब तक 34 करोड़ रुपे कार्ड मुफ्त जारी किए गए हैं। गांवों में भी लोग खर्च कर रहे हैं, जिससे मांग में इजाफा हो रहा है। अमेजन, फ्लिप्कार्ट, अजिओ, मिंत्रा आदि गांवों में भी डिलीवरी कर रहे हैं। सरकार ने 2014 में जनधन बैंक खाते खोलने के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया था, जिसका उद्देश्य कई वित्तीय सेवाओं को गरीबों के लिए सुलभ बनाना था और इसमें बहुत हद तक कामयाबी भी मिली।

ध्यान देने की बात है कि मूडीज ने भारत के स्थिर परिदृश्य का दर्जा बरकरार रखा है। इसका यह अर्थ हुआ कि अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप भारत की अर्थव्यवस्था में तेज वृद्धि जारी रहने की प्रबल संभावना है। मूडीज के अनुसार, भारत की जीडीपी में तेजी बरकरार रहेगी और भारतीय अर्थव्यवस्था अनवरत मजबूत होती रहेगी। भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग, मुंबई से प्रकाशित शोधपरक रिपोर्ट इकोरैप के अनुसार, आयकर रिटर्न के आधार पर वित्त वर्ष 2022-23 में भारतीयों की औसत आय 13 लाख रुपये हो जाएगी, जबकि कर आकलन वर्ष 2013-14 के अनुसार, यह 4.4 लाख रुपये थी। प्रधानमंत्री की लिंक्डइन पोस्ट के अनुसार, विभिन्न आय समूहों में कर-आधार बढ़ने और प्रत्येक समूह के आयकर रिटर्न जमा करने में वित्त वर्ष 2022-23 में कम से कम तीन गुना वृद्धि हुई है। वर्ष 2014 से लेकर 2023 के बीच जमा किए गए आयकर रिटर्न की तुलना करने पर सभी राज्यों में बढ़ी हुई कर भागीदारी की तस्वीर गुलाबी दिखती है। उत्तर प्रदेश आयकर रिटर्न दाखिल करने के मामले में अग्रणी राज्य के रूप में उभरा है।

एक पहलू यह भी है कि वित्त वर्ष 2023-24 के पहले चार महीनों (अप्रैल-जुलाई) के दौरान भारत के शीर्ष 10 निर्यात केंद्रों में सिर्फ ब्रिटेन को किया जाने वाला वाणिज्यिक निर्यात बढ़ा है, जबकि वैश्विक मांग कम होने की वजह से अन्य सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में निर्यात कम हुआ है। ब्रिटेन को किए जाने वाले निर्यात में 20.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और इस अवधि के दौरान यह बढ़कर 4.5 अरब डॉलर हो गया है। वर्ष 2026 तक देश की जीडीपी में डिजिटल अर्थव्यवस्था का योगदान 20 प्रतिशत से अधिक होने का अनुमान है। भारत एक ऐसा देश है, जिसने तकनीक को तेजी से अपनाया है और अब इसने दुनिया के समक्ष तकनीकी समाधान पेश करना शुरू कर दिया है। डिजिटल अर्थव्यवस्था का जीडीपी में योगदान 2014 में चार से साढ़े चार फीसदी था, जो बढ़कर 11 प्रतिशत हो गया है।

भारत ने तकनीक को न केवल नवाचार के लिए, बल्कि विविध क्षेत्रों में समाधान प्रस्तुत करने के लिए भी अपनाया है, जिससे पिछले कुछ सालों में लोगों के जीवन, परिचालन व्यवस्था, प्रशासन, शिक्षा, स्वास्थ्य, लोकतंत्र के तकनीकी स्वरूप आदि में बदलाव आया है। मुश्किल समय में भी भारतीय अर्थव्यवस्था को बहुत संभलकर आगे का रास्ता तय करना चाहिए।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# साहसिक प्रयोग से कम नहीं कांग्रेस की नई कार्यसमिति

राजकुमार सिंह, वरिष्ठ पत्रकार

अध्यक्ष चुने जाने के 10 महीने और रायपुर अधिवेशन में अधिकृत किए जाने के छह महीने बाद मल्लिकार्जुन खड़गे ने जिस भारी-भरकम कांग्रेस कार्यसमिति की घोषणा की है, उसकी तस्वीर दरअसल देखने वाले के नजरिये पर ज्यादा निर्भर करती है। आप इसमें पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक समन्वय की आगामी चुनावी रणनीति देख सकते हैं और अनुभवी बुजुर्गों को साथ रखते हुए युवाओं को आगे लाने की कवायद भी।




हां, अगर आपका नजरिया अलग हो, तो इसमें कुछ परंपरागत चेहरों की उपयोगिता पर सवाल उठाते हुए क्षेत्रीय असंतुलन भी ढूंढ़ा जा सकता है। मसलन, मुकुल वासनिक लगभग तीन दशक से कांग्रेस की इस सर्वोच्च नीति-निर्धारक इकाई के सदस्य हैं। फिर न सिर्फ महाराष्ट्र, बल्कि उनके अपने घर बुलढ़ाना में कांग्रेस की दुर्गति के लिए कौन जिम्मेदार है? यह भी कि महाराष्ट्र से कांग्रेस कार्यसमिति में आठ सदस्य हैं, मगर तेलंगाना से मात्र एक और वह भी स्थायी आमंत्रित। उत्तर प्रदेश व बिहार से लोकसभा के लिए 120 सदस्य चुने जाते हैं, लेकिन उन्हें वैसा प्रतिनिधित्व नहीं मिला, जैसा राजस्थान को सात सदस्यों के साथ दिया गया है। दस लोकसभा सीटों वाले हरियाणा से भी तीन सदस्य हैं। क्या यह गठबंधन राजनीति के मनोवैज्ञानिक दबाव का परिणाम है?

दरअसल, नई कांग्रेस कार्यसमिति की तस्वीर व उसमें निहित राजनीति-रणनीति समझने से पहले यह वास्तविकता ध्यान में रखनी होगी कि गौरवशाली इतिहास वाली देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी संभवत: अपने सबसे चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रही है। जब कांग्रेस का ही वह आभामंडल नहीं रहा, तब कांग्रेस कार्यसमिति में पुरानी छवि की तलाश आपको निराश ही करेगी। सवाल सिर्फ भाजपा के कांग्रेस मुक्त नारे का नहीं है, 2014 के लोकसभा चुनाव में महज 44 सीटों पर सिमटने के बाद चुनाव-दर-चुनाव कांग्रेस की पराजय गाथा भी उसके भविष्य पर सवालिया निशान लगाती रही है। केंद्र समेत राज्यों की सत्ता से कांग्रेस पहले भी बेदखल हुई है, पर भविष्य से भी पहले अस्तित्व बचाने के संकट से पहली बार रूबरू है। इस अभूतपूर्व संकट से उबरने की पहली अनिवार्य शर्त यही थी कि 2014 के बाद बदल गई परिभाषा, शैली और संस्कृति वाली राजनीति में कांग्रेस अपनी प्रासंगिकता तलाशे।

बेशक चुनावी राजनीति में सत्ता सर्वोपरि लक्ष्य है। इसलिए यह भी महत्वपूर्ण है कि इस बुरे वक्त में भी कांग्रेस चार राज्यों- राजस्थान, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में सत्ता में है। यह और भी ज्यादा महत्वपूर्ण है कि इन राज्यों की सत्ता उसने शक्तिशाली भाजपा से छीनी है। इसके अलावा, बिहार, झारखंड और तमिलनाडु में भी वह क्षेत्रीय दलों की अगुवाई वाली सरकारों में भागीदार है। खासकर कर्नाटक की सत्ता भाजपा से छीनने के बाद न सिर्फ कांग्रेस का खोया हुआ आत्मविश्वास लौट आया है, बल्कि उसने चुनावी जीत के लिए जरूरी सामाजिक समीकरण का गणित भी समझ लिया है।

दरअसल, कांग्रेस की रीति-नीति में आ रहा यह बदलाव पिछले साल उदयपुर चिंतन शिविर में हुए मंथन का भी परिणाम है। उसी से 'भारत जोड़ो यात्रा' निकली, जिसने न सिर्फ राहुल गांधी की छवि सुधारी, बल्कि कांग्रेस के निराश-हताश संगठन में बेहतर भविष्य की उम्मीद जगा दी। उदयपुर में ही पार्टी संगठन में 50 प्रतिशत पद 50 वर्ष से कम आयु के नेताओं को दिए जाने का निर्णय भी लिया गया था। बेशक उस कसौटी पर नई कार्यसमिति खरा नहीं उतरती है। 39 सदस्यीय मूल कार्यसमिति में मात्र तीन ही 50 वर्ष से कम आयु के हैं, मगर नई कार्यसमिति में एक चौंकाने वाला तथ्य यह भी रेखांकित किया जा सकता है कि संभवत: पहली बार किसी मुख्यमंत्री को इसका सदस्य नहीं बनाया गया है।

खैर, इस साल के अंत में होने वाले पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव हों या फिर अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव, नईकार्यसमिति के जरिये कांग्रेस ने संतुलन और समरसता का संदेश देने की कोशिश तो निश्चय ही की है, लेकिन उसकी असली परीक्षा विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक दलों के साथ सीटों के तालमेल और फिर अपने टिकट वितरण में होगी।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)




# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### चंद्रयान -3 पर दुनिया की नजर थी और इस चुनौती को हमारे इसरो के वैज्ञानिक और कर्मचारियों ने पार कर लिया - सरोज पांडेय

**दुर्ग।** चंद्रयान-3 के सफल चंद्र ग्रह पर सफल पूर्वक सतह पर उतारे जाने को लेकर भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पांडेय ने देश प्रदेश तथा दुर्ग शहर वासियों के अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है और इस अवसर पर कहा कि भारत के लिए आज (बुधवार) की शाम बेहद खास और ऐतिहासिक एवं खास रहा है। शाम 6 बजकर 4 मिनट पर भारत का अंतरिक्ष यान चंद्रयान-3 चंद्रमा की सतह पर कदम रखा। इस ऐतिहासिक पल पर सारी दुनिया की नजर टिकी थी। इस मिशन को लेकर खगोलशास्त्री बता रहे हैं कि चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग के अंतिम 20 मिनट काफी चुनौतीपूर्ण थे। ब्रह्मांड के अन्य ग्रहों की खोज के लिए यह सबसे महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इसरो ने चंद्रयान-3 मिशन के अंतर्गत आज शाम चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास विक्रम लैंडर मॉड्यूल की सॉफ्ट लैंडिग के कठिन कार्य को पूरा किया है।चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग में सफलता की उम्मीद पूरी दुनिया को थी और विभिन्न अंतरिक्ष एजेंसियां चंद्रयान-3 पर नजर रख रही थीं। इसरो दुनिया की सर्वश्रेष्ठ अंतरिक्ष एजेंसियों में से एक है। इसकी सफलता के साथ ही इसरो चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाली चौथी एजेंसी बन गई है और भारत दुनिया के उन चार देशों में शामिल हो गया है जिन्होंने चंद्रमा पर अपने कदम रखे हैं। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में इसरो के वैज्ञानिक और कर्मचारियों के जी तोड़ मेहनत की है। मैं उन्हें अपना साधुवाद ज्ञापित करती हूं।

### निदेशक रंजीता रश्मि पहुंची तमनार के रीपा गौठान, समूह की महिलाओं का किया उत्साहवर्धन

**रायगढ़।** जल शक्ति अभियान की नोडल अधिकारी रंजीता रश्मि रायगढ़ प्रवास के दूसरे दिन ग्राम पंचायत तमनार के रीपा गौठान पहुंची। यहां उन्होंने संचालित विभिन्न आजीविका गतिविधियों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने उद्यमियों से मुलाकात करते हुए आजीविका गतिविधियों की सराहना। उन्होंने स्व-सहायता समूह की महिलाओं से मिलकर उनका उत्साहवर्धन भी किया। निदेशक रंजीता रश्मि ने महुआपाली में उद्यानिकी विभाग एवं नरेगा अभिसरण से स्वीकृत वृक्षारोपण कार्य का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। ग्राम पंचायत देवगढ़ में अमृत सरोवर और नरेगा से स्वीकृत कुआं कार्य को देखते हुए हितग्राही सहनीराम सिदार, मायाराम सिदार से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने योजना से उनके जीवन में आए परिवर्तन को जानने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे बदलाव को लेकर चर्चा की। निदेशक रंजीता रश्मि घरघोड़ा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत झाडियापाली में अमृत सरोवर और ग्राम पंचायत भालूमार में जल जीवन मिशन कार्य का अवलोकन किया। इसी तरह उन्होंने रायगढ़ जनपद के अंतर्गत ग्राम पंचायत जुनवानी में वन विभाग के मिनी चेक डैम तथा जुर्डा ग्राम पंचायत के मियाबाँकी प्रोजेक्ट को भी देखी। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर श्रीमती रेखा चन्द्रा, सीईओ जनपद पंचायत तमनार वीरेन्द्र कुमार राय, अतिरिक्त जनपद सीईओ मदन साहू, कार्यक्रम अधिकारी प्रफुल्ल किण्डो, एपीओ राजेश शर्मा, जिला तकनीकी समन्वयक आशुतोष श्रीवास्तव जिला प्रोग्रामर अभिषेक दण्डेकर एवं संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने जन्मदिन के अवसर पर कुम्हारी वासियों को दी करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात

## मुख्यमंत्री को नागरिकों ने लड्डुओं और किसानों ने धान से तौला

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने जन्मदिन पर दुर्ग जिले के कुम्हारी में आयोजित लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों को 55 करोड़ 33 लाख 56 हजार के विकास कार्यों की सौगात दी। जिसमें 7 करोड़ 95 लाख 43 हजार रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं 47 करोड़ 38 लाख 13 हजार रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। मुख्यमंत्री को कार्यक्रम में नागरिकों ने उनके जन्मदिवस पर मंच में लड्डुओं और किसानों ने धान से तौला।



मुख्यमंत्री श्री बघेल ने नगर पालिका परिषद कुम्हारी क्षेत्रांतर्गत विभिन्न विकास कार्यों हेतु 4 करोड़ 73 लाख 93 हजार रुपए एवं दुर्ग के कृषि उपज मंडी समिति अंतर्गत 3 निर्माण कार्यों हेतु 3 करोड़ 21 लाख 50 हजार रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण किया।

इसी प्रकार भूमिपूजन अंतर्गत उन्होंने विकासखंड पाटन की भिलाई डिस्ट्रीब्यूट्री एवं इसके 5 नग माइनर नहरों के जीर्णोद्धार एवं लाइनिंग कार्य हेतु 13 करोड़ 61 लाख 36 हजार, कुम्हारी बड़ा तालाब (वार्ड क्रमांक 13) से कुम्हारी शमशान घाट तक 1.5 किमी क्षेत्र में मार्ग एवं पुलिया निर्माण हेतु 3 करोड़ 49 लाख 15 हजार रुपए, नगर पालिका परिषद कुम्हारी क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न विकास कार्यों हेतु 4 करोड़ 1 लाख 85 हजार रुपए एवं कृषि उपज मंडी समिति, दुर्ग के अंतर्गत 16 निर्माण कार्यों हेतु 26 करोड़ 25 लाख 77 हजार रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पाटन क्षेत्र के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की धरती को नमन करते हुए सभी नागरिकों को जन्मदिवस की आशीष देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि पाटन क्षेत्र में राजनीतिक जागरूकता शुरू से रही है। पाटन क्षेत्र के बुजुर्ग लोगो के आशीर्वाद से आज प्रदेश की सेवा करने का अवसर मिला है। छत्तीसगढ़ प्रदेश किसानों का प्रदेश है। सरकार ने किसानों के आर्थिक स्थिति को ऊपर उठाने योजनाएं संचालित कर रही है।

सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ हितग्राहियों को मिल रहा है। विगत पौने पांच साल में 1 लाख 70 करोड़ की राशि विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों के खाते में डाले गए हैं। सरकार कोरोना काल के विषम परिस्थिति में भी लोगों के साथ खड़ी थी, हम सेवाभाव से आगे बढ़े हैं। हर व्यक्ति हर परिवार को ध्यान में रख कर योजना बनायी हैं। इन योजनाओं के सुचारू संचालन से हितग्राही लाभान्वित हो रहे है। उन्होंने कहा कि आज कृषि उत्पादन बढ़ने के साथ लाभकारी व्यवसाय बन गया है। कार्यक्रम को गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत, जनपद पंचायत तथा नगरीय निकायों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।

# डायल करे 14545 मितान घर पहुंचकर बनाएंगे प्रमाण पत्र

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई ।** छत्तीसगढ़ शासन की मितान योजना नागरिकों के लिए कारगर साबित हो रही है। लोग घर बैठे अपना व्यक्तिगत शासकीय दस्तावेज बनवा रहे है और अपने समय की बचत कर रहे है। योजना में भिलाई निगम ने अब तक बारह हजार से अधिक लोगो को लाभान्वित किया है।



नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्र के निवासियों को शासन की योजना मितान से लांभान्वित करने महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास योजना को धरातल तक पहुचाने के लिए शतक मॉनिटरिंग कर रहे है। नागरिक टोल फ्री नम्बर 14545 में डायल कर मितान योजना के माध्यम से विभिन्न प्रकार के शासकीय प्रमाण पत्र घर बैठे बनवा रहे है। मुख्यमंत्री की महत्वकांक्षी मितान योजना के माध्यम से सरकार तुहर द्वार के तहत भिलाई निगम क्षेत्र में अब तक 12525 नागरिकों ने मितान योजना के माध्यम से जन्म - मृत्यु राशन कार्ड आधार पैन कार्ड जाति निवासी, विवाह प्रणाम पत्र जैसे 24 प्रकार के दस्तावेज घर बैठे बनवाकर समय की बचत किए है। योजना में अब तक विवाह प्रमाण पत्र के 930 आवेदन तथा सुधार के 34ए मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए 239 आवेदन, जन्म प्रमाण . पत्र के लिए 261 तथा सुधार के 25 आवेदन, दुकान एवं स्थापना पंजीयन गुमास्ता लाइसेंस के 303 आवेदन 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का आधार पंजीयन के 3891 आवेदन, पैन कार्ड सेवा के लिए 125 आवेदन, आधार मोबाइल नम्बर अपडेट के लिए 3306 आवेदनए मूल निवासी प्रमाण पत्र के लिए 984 आवेदन, अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र के लिए 39 आवेदन, पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र के लिए 226 आवेदन, आय प्रमाण पत्र के लिए 2010 आवेदन तथा राशनकार्ड के 152 प्रमाण पत्र बनाकर दिये जा चुके है। नागरिक टोल फ्री नम्बर पर फोन करके योजना के मितान को अपने घर बुलवाकर दस्तावेज प्रदान करते है जिसका मितान द्वारा स्केन कर निर्धारित समय पश्चात नागरिकों को घर पहुचकर उनका प्रमाण पत्र उन्हे सौंपते है। शासन के इस अत्यंत उपयोगी योजना मितान घर पहुंचकर हमर सरकार हमर द्वार के सपने को साकार कर रहे है।

# रोजगार मेला में 219 युवाओं को मिला रोजगार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**मोहला।** कलेक्टर एस जयर्वधन के मार्गदर्शन में दशहरा मैदान मोहला में रोजगार मेला का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन द्वारा युवाओं को विभिन्न पदों पर रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवा रोजगार मेला में शामिल हुए। रोजगार मेला में 340 बेरोजगार युवाओं ने पंजीयन कराया। मेला में मोहला विकासखंड से 175, मानपुर विकासखंड से 70 एवं अम्बागढ़ चौकी विकासखंड से 95 युवा शामिल हुए। शासन की बेरोजगारी भत्ता योजनांतर्गत लाभार्थी युवा रोजगार मेला में शामिल हुए। युवाओं ने विभिन्न नियोजकों के स्टॉल में जाकर साक्षात्कार दिया। नियोजकों द्वारा 219 युवाओं को चयनितकर नियुक्ति पत्र जारी किया। जिसमें बॉम्बे इंटेलीजेंस सिक्यूरिटी शंकर नगर रायपुर द्वारा 16,भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा 53 एवं एलर्ट एसजीएस प्राईवेट लिमिटेड रायपुर द्वारा 45 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया गया।

# मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें - कलेक्टर

श्रीकंचपनथ न्यूज

**नारायणपुर ।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशानुसार आज स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छोटेडोंगर में स्वीप कार्यक्रम के तहत् मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया तथा जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्भीक और निष्पक्ष होकर शतप्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई गई।



मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में कलेक्टर ने स्कूल के विद्यार्थियों से बातचीत कर निर्वाचन संबंधी प्रश्न पूछे, जिसका विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक जवाब दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने परिजनों को मतदान देने के लिए जागरूक करने को कहा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा मानव श्रृंखला से स्वीप लिखकर सभी को मतदान जागरूकता का संदेश दिया गया तथा कार्यक्रम में विद्यार्थियों के परिजन भी उपस्थित थे उन सभी को भी मतदान करने के प्रति जागरूक किया गया तथा निर्भिक व निश्पक्ष होकर प्रलोभन मे आये बिना मतदान करने की शपथ भी दिलाई गई।

# कांग्रेस राज आदिवासी समाज के लिये स्वर्णिमकाल-दीपक बैज

श्रीकंचपनथ न्यूज

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस राज आदिवासी समाज के लिये स्वर्णिम है। पिछले पांच साल में आदिवासी समाज के उत्थान के लिये मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में अनेको महत्वपूर्ण योजनाएं बनाकर उनका प्रभावी क्रियान्वयन करवाया गया है जिससे आदिवासी समाज के लोगों के जीवन स्तर पर व्यापक परिवर्तन आया है। कांग्रेस सरकार ने पांच साल में आदिवासी वर्ग के शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य के एवं कानूनी अधिकार के लिये अनेको कार्य किया। कांग्रेस सरकार ने आदिवासियों से किए वादों को पूरा किया। चार साल में आदिवासी वर्ग के हित के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजना बनाई गई। आदिवासियों के शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, जल, जंगल, जमीन, उनके कानूनी अधिकारों के लिए काम किया गया है। विश्व आदिवासी दिवस के दिन 9 अगस्त को सार्वजनिक अवकाश, राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का आयोजन सहित अनेक जनकल्याणकारी योजना बनाकर आदिवासी वर्ग को आर्थिक रूप से मजबूत सक्षम बनाने के लिए काम किया गया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने आदिवासी वर्ग के चहुंमुखी विकास के लिए रोजगार मूलक योजनाएं बनाई। बस्तर क्षेत्र में आदिवासी के वर्ग शिक्षा के लिए 300 से अधिक बंद स्कूलों को खोला गया। नक्सलवाद को खत्म करने के लिए विश्वास, विकास और सुरक्षा के नीतियों के तहत काम किया गया। रमन सरकार के दौरान दस गांवों के 1707 आदिवासी परिवार से छीनी गई 4200 एकड़ जमीन को लौटाई गई, जेल में बंद निर्दोष आदिवासियों को जेल से मुक्त कराया गया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि तेंदूपत्ता का मानक दर 2500 रु से बढ़ाकर 4000 रु प्रति बोरा किया गया, 65 वनोपज की समर्थन मूल्य में खरीदी की गई, चरणपादुका खरीदने नगद राशि दी गई, बस्तर में मक्का प्रोसेसिंग प्लांट लगाया गया। पेशा के नियम बनाये गये। 24827 व्यक्तिगत 20,000 से अधिक सामुदायिक व 2200 वन संसाधन पट्टे वितरित किए गए, 16 लाख से अधिक हेक्टर भूमि आदिवासी वर्ग को वितरित किया गया है। 4,38,000 से अधिक व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र वितरित किया गया। 44,300 से अधिक सामुदायिक वन अधिकार पत्र वितरित किया गया। 2175 से अधिक वन संसाधन अधिकार ग्राम सभा को प्रदान की गई। मिलेट मिशन शुरू किया गया और बस्तर के वनोपज को देश-विदेश तक पहुँचाया गया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि रमन सिंह का शासनकाल आदिवासियों के लिये शोषण और परेशानी का समय था। आदिवासी भूमि संशोधन विधेयक लाकर आदिवासियों की जमीनों को हड़पने का कानून रमन सिंह ने बनाया था। कांग्रेस के विरोध के बाद वापस लिया गया। बस्तर में लोहंडीगुड़ा में आदिवासियों की जमीनो को टाटा संयंत्र नहीं लगने के बाद भी वापस नहीं किया जबकि भू-अधिग्रहण अधिनियम 2013 के अनुसार जमीन वापस करने कानून है।

# सीएम के जन्मदिन की खुशी में बनाया डेढ़ सौ फीट लंबा केक, मुख्यमंत्री ने केक की थीम के लिए की प्रशंसा

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मल्टी लेवल पार्किंग में अपने जन्मदिन पर आज 150 फीट लंबा केक काटा। यह केक उनके जन्मदिन की खुशी में नगर निगम रायपुर महापौर श्री एजाज ढेबर के मार्गदर्शन में बोंजेलो के बेकिंग और आइसिंग डिवीजन ने डेढ़ सौ फीट लंबा केक तैयार किया।



केक के निर्माण में 65 लोग जुटे रहे। उन्होंने 24 घंटे कड़ी मेहनत कर यह 430 किलोग्राम का केक तैयार किया। केक की खास बात यह थी कि इस लंबे केक में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की फ्लैगशिप योजनाओं को भी प्रदर्शित किया गया। मुख्यमंत्री की किसान हितैषी योजनाओं से लेकर हर वर्ग के लिए बनाई जाने वाली योजनाओं तक सभी प्रमुख योजनाओं को समेटने की कोशिश इसमें की गई। मुख्यमंत्री ने केक काटने के पश्चात केक बनाने वाली टीम के सदस्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आपने जनहित में चलाई जा रही सभी महत्वपूर्ण योजनाओं को इसमें दिखा दिया है। इस तरह से अनूठे तरीके से आपने केक बनाकर मेरे जन्मदिन को और भी यादगार बना दिया।

इस अवसर पर नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव डहरिया, रायपुर नगर निगम के महापौर एजाज ढेबर, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा, छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा, नगर निगम के सभापति प्रमोद दुबे सहित पार्षद जितेन्द्र अग्रवाल एवं आकाश तिवारी भी मौजूद रहे।

ॐ साईं राम
माँ पुस्तक भंडार

होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65


CONTACT
Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...



### छत्तीसगढ़ में अब तक 704.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2023 से अब तक राज्य में 704.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2023 से 23 अगस्त सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1243.4 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 326.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर जिले में 639.9 मिमी, बलरामपुर में 652.5 मिमी, जशपुर में 560.8 मिमी, कोरिया में 688.5 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 707.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी।

इसी प्रकार, रायपुर जिले में 810.0 मिमी, बलौदाबाजार में 691.3 मिमी, गरियाबंद में 643.9 मिमी, महासमुंद में 736.2 मिमी, धमतरी में 717.4 मिमी, बिलासपुर में 720.6 मिमी, मुंगेली में 860.4 मिमी, रायगढ़ में 778.7 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 630.6 मिमी, जांजगीर-चांपा में 593.1 मिमी, सक्ती में 591.0 मिमी, कोरबा में 685.3 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 729.7 मिमी, दुर्ग में 569.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 550.9 मिमी, राजनांदगांव में 777.5 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 893.6 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 719.5 मिमी, बालोद में 757.7 मिमी, बेमेतरा में 545.2 मिमी, बस्तर में 718.8 मिमी, कोण्डागांव में 634.3 मिमी, कांकेर में 664.4 मिमी, नारायणपुर में 633.9 मिमी, दंतेवाड़ा में 816.2 मिमी और सुकमा में 1030.8 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

### पोषण माह-2023 के आयोजन एवं अभिसरण कार्ययोजना पर बैठक 25 अगस्त को

**रायपुर।** पोषण एवं एनीमिया के स्तर में कमी लाने के उद्देश्य से वर्ष 2018 से पोषण अभियान का संचालन राज्य के सभी जिलों में किया जा रहा है। इस वर्ष भी एक से 30 सितम्बर 2023 तक पोषण माह का आयोजन किया जाना है। राज्य में पोषण माह 2023 के आयोजन एवं अभिसरण कार्ययोजना आदि पर चर्चा के लिए 25 अगस्त को अपरान्ह 3 बजे से संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग द्वितीय तल इन्द्रावती भवन के सभाकक्ष में बैठक आहूत की गई है। संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग दिव्या उमेश मिश्रा ने पोषण अभियान से संबंधित नोडल अधिकारी को इस बैठक में उपस्थित होने कहा है।

संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि भारत सरकार के निर्देशानुसार जनसमुदाय तक स्वास्थ्य पोषण एवं स्वच्छता संबंधी व्यापक प्रचार एवं प्रभावी व्यवहार परिवर्तन हेतु जन आंदोलन के रूप में प्रतिवर्ष माह सितम्बर में पोषण माह का आयोजन किया जाता है। विगत कई वर्षों से राज्य में आयोजित पोषण पखवाड़ा, पोषण माह में सहयोगी विभागों एवं डेव्हलपमेंट संस्थाओं का सक्रिय एवं परिणाममूलक सहयोग प्राप्त होता रहा है।

### विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री उमेश पटेल ने चंद्रयान-3 के सफल लैंडिंग के लिए दी बधाई

**रायपुर।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री उमेश पटेल ने चंद्रयान -3 के सफल लैंडिंग के लिए देशवासियों सहित इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। मंत्री पटेल ने कहा कि चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग भारत के इतिहास का अत्याधिक गौरवान्वित क्षण है। इसरो के वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत ने पूरे देशवासियों को गर्व करने का मौका दिया है। इससे भारत का मान पूरे विश्व में बढ़ा है।

# महात्मा गांधी अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करेंः डॉ. शिवकुमार डहरिया

### शहरी क्षेत्रों में आवारा पशुओं की रोकथाम के निर्देश दिए

### नगरीय प्रशासन मंत्री ने की विभागीय काम-काज की समीक्षा

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने प्रदेश के नगर निगम आयुक्तों एवं नगर पालिका परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों की उच्च विश्राम गृह रायपुर में बैठक लेकर विभागीय कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने अधूरे निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए और कहा कि गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। डॉ. डहरिया ने यह भी कहा कि पूर्व से स्वीकृत कार्य का वर्क ऑर्डर आदर्श आचरण संहिता के पहले जारी हो जाना चाहिए। बैठक में विभाग के विशेष सचिव डॉ. अय्याज तम्बोली, संचालक नगरीय प्रशासन डॉ. सारांश मित्तर, राज्य शहरी विकास अभिकरण के सीईओ सौमिल रंजन चौबे सहित सभी नगर निगमों के आयुक्त और नगर पालिकाओं के मुख्य नगर पालिका अधिकारी उपस्थित थे।

डॉ. डहरिया ने ग्रामीण क्षेत्रों में रीपा की तर्ज पर शहरी क्षेत्रों में बनाए जा रहे महात्मा गांधी अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क योजना के क्रियान्वयन की जानकारी ली। मंत्री डॉ. डहरिया ने यूपा के जमीन चिन्हांकन विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) एवं टेंडर प्रक्रिया जल्द पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा शहरी क्षेत्रों में भी यूपा लागू करने के निर्देश दिए थे। मंत्री ने मुंगेली, दंतेवाड़ा, जशपुर के सीएमओ को यूपा में अपेक्षित कार्यवाही नहीं करने पर शो-काज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने शहरी क्षेत्रों में आवारा पशुओं की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। खुले में आवारा पशु विचरण करने से सड़कों में दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, इस पर रोकथाम आवश्यक है। ऐसे पशुओं की पहचान कर पशु मालिक के ऊपर जुर्माना की कार्यवाही करें। बैठक में उन्होंने नगरीय निकाय क्षेत्रों में अनुकम्पा नियुक्ति के लंबित आवेदनों के निराकरण की समीक्षा करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने पेंशन प्रकरणों को समय पर निराकरण के निर्देश दिए। डॉ. डहरिया ने बारिश के दिनों में डेंगू से बचाव के लिए कारगर उपाय सुनिश्चित करने को कहा।

बैठक में मंत्री डॉ. डहरिया ने कहा कि भवन अनुज्ञा का नक्शा पास करते समय रेनवाटर हार्वेस्टिंग का पालन हो, इसका विशेष ध्यान रखे। निकाय मद की राशि का अन्य मद में खर्च न करें। इसके अलावा बैठक में 14वें एवं 15वें वित्त आयोग की राशि, अधोसंरचना मद, स्लम स्वास्थ्य योजना आदि की समीक्षा की गई। मंत्री डॉ. डहरिया ने श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर के संचालन की जानकारी लेते हुए इसका लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिले इसका विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। आधे से कम दाम पर उच्च गुणवत्तायुक्त दवा नागरिकों को आसानी से उपलब्ध हो सके, इस उद्देश्य से यह योजना लागू की गई है। उन्होंने बैठक में मुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न सभाओं, बैठकों एवं कार्यक्रमों में की गई घोषणाओं पर प्राथमिकता से अमल करते हुए शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन कार्यालय और छतीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के बीच एमओयू

## वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने चलेगा जागरूकता अभियान

### श्रमिकों, दुकानों के कामगारों सहित मतदाताओं को करेंगे प्रेरित

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** आगामी विधानसभा निर्वाचन में रायपुर ज़िले की सभी सात विधानसभाओं में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा विशेष प्रयास किए जा रहे है। जिला निर्वाचन कार्यालय और रायपुर चेंबर ऑफ कॉमर्स के बीच मतदाता जागरूकता के लिए एमओयू सम्पादित हुआ।

इस एमओयू के द्वारा छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स अपने सभी व्यापारी सदस्यों, उनके संस्थानों-दुकानों में काम लेने वाले लोगों, श्रमिकों और उनके परिजनों को आगामी चुनाव में मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स मतदाता जागरूकता अभियान चलाएगा । चेम्बर 18 आयु वर्ष से अधिक के सभी लोगों का नाम मतदाता सूची में दर्ज करवाने, विलोपन एवं संशोधन के काम में भी आवश्यक सहयोग देगा। चेंबर ऑफ कॉमर्स के सभी सदस्य मतदान दिवस के दिन उनके संस्थान में कार्य करने वाले सभी कर्मचारियों को वोट देने के लिए अवकाश प्रदान करेंगे।

इसके साथ ही व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के माध्यम से लोगो को विवेकपूर्ण, नैतिक तथा शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील तथा जागरूकता लाने के कार्यक्रमों में आवश्यक सहयोग करेगा। चेम्बर ऑफ कॉमर्स शहर की आवासीय कालोनियों में मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप कोर टीम को कार्यक्रम आयोजित करने में आवश्यक सहयोग भी प्रदान करेगा।

## आप रोज मंदिर जाते हो, लेकिन क्यों जाते यह आपको खुद नहीं पताः साध्वी शुभंकरा

**रायपुर (ए)।** एमजी रोड स्थित जैन दादाबाड़ी प्रांगण में चल रहे मनोहरमय चातुर्मासिक प्रवचन श्रृंखला में बुधवार को नवकार जपेश्वरी साध्वी शुभंकरा श्रीजी ने कहा कि भगवान की भक्ति करने वाले पर भगवान हमेशा अपनी कृपा बरसाते हैं। आपको भक्ति करना है तो भगवान में पूरी तरह लीन हो जाइए, कौन क्या बोल रहा है यह मत सोचिए। भगवान की भक्ति करना है तो मीराबाई जैसी कीजिए जिन्होंने आंख मूंद कर भगवान कृष्ण की भक्ति की थी। परमात्मा की भक्ति में लीन हो जाओगे तो आपके जीवन का उद्धार हो जाएगा। जब आप मंदिर जाते हो तो कभी आपने अपने आप से यह पूछा है कि मैं मंदिर क्यों जा रहा हूं। आप जब डॉक्टर के पास जाते हो तो आपको यह पता रहता है कि आपको क्या परेशानी है और डॉक्टर उसका समाधान करेगा। पर आप डॉक्टर के पास तब जाते हो जब आपको कोई परेशानी होती है। लेकिन मंदिर आप नियमित जाते हो, आपको पता भी नहीं



कि आप मंदिर क्यों जा रहे हो। घर वालों ने बोल दिया कि रोज मंदिर जाना है। मंदिर जाने का रोज का रूटीन बनाकर बस जा रहे हो और भगवान के दर्शन करके आ रहे हो। ना आपको पूजन विधि के बारे में पता है ना मंदिर के महत्व के बारे में पता है फिर भी आप बस हर दिन एक चक्कर मंदिर का मार ही लेते हो। हम जब कोई व्यापार करने की सोचते है तो यह देखते है कि इस व्यापार में हमें कितना फायदा होगा और जब आपकी कमाई होती है तो आप उस काम को और अच्छे से करने लगते हो। ऐसा आप इसलिए करते हो क्योंकि व्यापार में होने वाली कमाई आपको प्रत्यक्ष रूप से नजर आती है। परमात्मा के दर्शन करने, पूजा पाठ करने से आपको क्या लाभ हो रहा है यह दिखाई नहीं देता फिर भी आप हर रोज नियमित रूप से मंदिर जा रहे हो।

साध्वी कहती है कि परमात्मा की भक्ति आपको अपनी आत्मा का भान कराती हैं। आप मंदिर जाते हो और जैसे ही भगवान को देखते हो तो आपका मन कितना भी अशांत हो, वह प्रसन्नचित हो जाता है। परमात्मा की पूजा पाप-ताप और संताप सबको दूर कर देती है। ताला दिखने में कितना भी कठोर हो, भारी हो पर अपनी चाबी से वह आसानी से खुल जाता है। वैसे ही इस जीवन में हमें मोक्ष रूपी ताले को परमात्मा के आशीर्वाद रूपी चाबी से खोलना है।

चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग का भाजपा ने मनाया जश्न

## यह पल ऐतिहासिक, हर भारतीय गौरवान्वितः जयंती पटेल

**रायपुर (ए)।** चंद्रयान 3 के सफलता पूर्व चंद्रमा की सतह पर उतरते ही हर भारतीय के लिए ऐतिहासिक गौरव का पल बन गया। जैसे ही शाम 6 बजे चंद्रयान 3 ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव में सफलता पूर्वक सॉफ्ट लैंडिंग की भारत में जश्न का माहौल हो गया। यह प्रथम अवसर है जब किसी भी देश द्वारा चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव में कोई यान सफलता पूर्वक उतारा गया है। इसरो के वैज्ञानिकों की अथक मेहनत का प्रतिफल चंद्रयान-3 की सफलता है जिससे हर भारतीय का सीना गर्व से चौड़ा हो गया।



भारतीय जनता पार्टी रायपुर शहर जिला ने जिला भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में चंद्रयान-3 की सॉफ्ट लैंडिंग सीधा प्रसारण प्रोजेक्टर में देखा। जिला एवं प्रदेश पदाधिकारियों की उपस्थिति में कार्यालय में प्रोजेक्टर लगाकर प्रसारण देखा गया। चंद्रयान की सफलात पूर्वक लैंडिंग करते ही भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता झूम उठे और भारत माता के जयकारे लगाने लगे। भारतीय वैज्ञानिकों के जिंदाबाद के नारे लगाने लगे उसके पश्चात प्रदेश एवं शहर जिला भाजपा के पदाधिकारी रायपुर शहर के हृदयस्थल जयस्तंभ चौक पहुंचे। सभी ने अपने हाथो में तिरंगा झंडा ले रखा था एवं चंद्रयान-3 की सफलता पर भारत माता की जय जय कार करते हुए आतिशबाजी कर अपनी खुशियां व्यक्त की।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष जयंती पटेल ने कहा की चंद्रयान की सफलता हर भारतीय के लिए गौरव का क्षण है। यह अविस्मरणीय पल है जिसके हम सभी साक्षी बने। इसके पूर्व में भी हमारे वैज्ञानिकों ने प्रयास किया परंतु सफलता आज लगी। समूचे विश्व में हम पहले हैं जिन्होंने चंद्रमा के दक्षिणी भाग में भारत का झंडा लहराया है। हम सभी भारतीयों को चंद्रयान-3 की सफलता की बधाई प्रेषित करते हैं। प्रदेश प्रवक्ता संजय श्रीवास्तव ने कहा की मुझे याद है की इसके पूर्व जब चंद्रयान सफलता पूर्व स्थापित नहीं हुआ था तब प्रधानमंत्री स्वयं इसरो पहुंचे और वैज्ञानिकों की हौसला अफजाई की और उन्हें पुनः प्रयास के लिए प्रेरित किया। इसके परिणाम स्वरूप हमने चंद्रमा की कक्षा में उतरने में विजय प्राप्त की। नेतृत्व मजबूत होने से परिणाम सदैव अनुकूल आते हैं। हम आशान्वित हैं की आगे भारत अंतरिक्ष और सौरमंडल में अपनी मजबूत अमिट छोड़ते हुए नए कीर्तिमान स्थापित करेगा।

## आरडीए में शुरू हुआ ऑनलाईन भुगतान

**रायपुर (ए)।** रायपुर विकास प्राधिकरण ने आवंटितियों को अपनी संपत्तियों की राशि भुगतान करने के लिए ऑनलाईन पेमेन्ट की सुविधा प्रारंभ कर दी है। रायपुर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के अनुसार भुगतान करने हेतु आवंटितियों को प्राधिकरण से उनके मोबाईल पर एसएमएस से डिमान्ड नंबर मिलेगा। इसके बाद भुगतान के लिए आवंटितियों को प्राधिकरण की वेबसाईट आरडीए डॉट सीजीस्टेट डॉट जीओवी डॉट इन पर जाना होगा।




वेबसाईट में ऊपर दाहिनी ओर अंग्रेजी में ऑनलाईन पेमेन्ट का मेन्यू दिखेगा। इसमें क्लिक करने पर ऑनलाईन भुगतान हेतु ई-लिंक में स्थानांतरित किया जाएगा। जिसमें ऑनलाईन विंडो खुल जाएगी। इसमें डिमान्ड नंबर डालते ही आवंटिति के भुगतान का विवरण उसकी संपत्ति के विवरण के साथ आ जाएगा। भुगतान किन किन मदों में होगा इसका विवरण होगा। इसमें दर्शित कुल राशि का भुगतान हेतु नीचें दाहिनी ओर मेक ऑनलाईन पेमेन्ट का बटन क्लिक करना होगा। इससे बाद पेमेन्ट इन्फरमेशन विंडो खुलेगी। जिसमें भुगतान हेतु क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग तथा यूपीआई के विकल्प उपलब्ध होगा। यूपीआई के अंतर्गत भीम यूपीआई, पे-फोन, जीपे (तेज), पेटीएम व व्हॉट्सएप्प के माध्यम से भुगतान किया जा सकेगा। यूपीआई से भुगतान के लिए क्यू आर कोड से भुगतान हो सकेगा। भुगतान के बाद इसकी रसीद भुगतानकर्ता प्रिन्ट कर सकेगा।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# छाती के बलगम और जकड़न से राहत पाने के लिए अपनाएं ये 5 घरेलू नुस्खे

कुछ दिनों से देश के कई इलाकों में बारिश का मौसम है। ऐसे में मौसमी बुखार, खांसी, सर्दी और फ्लू जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इससे छाती में अकसर जकड़न और बलगम का जमाव हो जाता है। इससे खांसी आती है और सांस लेते समय घरघराहट की आवाज का अनुभव होता है। इससे राहत पाने के लिए दवाइयों की बजाय प्राकृतिक और घरेलू उपचार का विकल्प चुनें। चलिए फिर आज इसी से जुड़े 5 असरदार घरेलू नुस्खे जानते हैं।



### अदरक

अदरक एक प्राकृतिक डिकॉन्जेस्टेंट के रूप में काम करता है और यह अतिरिक्त बलगम संचय को साफ करके फेफड़ों को आराम पहुंचाता है। लाभ के लिए अदरक का एक छोटा टुकड़ा चबाएं या उबलते पानी में इस मसाले के कुछ टुकड़े डालकर अदरक की चाय बनाएं। इस चाय के सेवन से आपको ये फायदे भी मिलते हैं। आप चाहें तो ताजे अदरक के रस को कुचले हुए तुलसी की पत्तियों और शहद के साथ मिलाकर भी पी सकते हैं।

### हल्दी

हल्दी भी छाती में बलगम के जमाव से राहत दिलाने और आपको बेहतर सांस लेने में मदद करती है। इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं और यह फेफड़ों में सूजन को प्रबंधित करने में मदद करती है। लाभ के लिए उबलते पानी में हल्दी पाउडर, काली मिर्च और शहद मिलाएं। इसके बाद इस मिश्रण को पी लें। कई औषधीय गुणों से भरपूर हल्दी से ये फायदे भी मिलते हैं।

### नींबू

नींबू विटामिन:- सी से भरपूर होता है, जो न केवल प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करता है, बल्कि वायुमार्ग में सूजन को कम करने के लिए भी उपयोगी है। लाभ के लिए शहद के साथ थोड़ा-सा नींबू का रस मिलाएं और फिर पूरे दिन नियमित अंतराल पर एक बड़ी चम्मच इस मिश्रण का सेवन करें। इससे नुस्खे से खांसी, बंद नाक और गले और फेफड़ों में जलन से तुरंत राहत मिल सकती है।

### थाइम

थाइम में फ्लेवोनोइड्स होते हैं, जो सूजन को कम कर सकते हैं, फेफड़ों की मांसपेशियों को शांत कर सकते हैं और ठीक से सांस लेने के लिए बंद वायुमार्ग को खोल सकते हैं। इसमें एंटी-स्पास्मोडिक, एक्सपेक्टोरेंट (बलगम को बाहर निकालने वाला) और एंटी-बैक्टीरियल गुण भी होते है, जो बलगम को कम कर सकते हैं।लाभ के लिए आप थाइम की चाय बनाकर पी लें या फिर इसके एसेंशियल ऑयल को गर्म पानी में मिलाकर इससे गरारे करें।

### भाप लें

छाती में बलगम के जमाव से राहत पाने के लिए भाप लेना काफी मददगार है। अध्ययनों के मुताबिक, गर्म पानी से नहाने या गर्म पानी से भरे बर्तन से भाप लेने से बलगम पतला हो जाता है, जिससे यह आसानी से निकल जाता है। यह खांसी, सर्दी और बंद वायुमार्ग से राहत दिला सकता है। बेहतर परिणामों के लिए आप उबलते पानी में नीलगिरी का तेल भी मिला सकते हैं।

# धनिया पत्ती सेहत के लिए वरदान खाली पेट खाने से मिलते हैं ये फायदे



धनिया के पत्ते भारतीय रसोई का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। ये न केवल व्यंजनों को स्वादिष्ट बनाते हैं, बल्कि उन्हें सेवन करने से स्वास्थ्य के अनेक लाभ भी होते हैं। खासकर, जब आप सुबह-सुबह खाली पेट धनिया के पत्ते खाते हैं, तो इसके स्वास्थ्य पर अधिक फायदे होते हैं। धनिया पत्तियों में से भरपूर पोषक तत्व, विटामिन, और मिनरल्स शरीर के अंदर सीधे पहुंचते हैं जो शरीर की कई प्रक्रियाओं में सहायक होते हैं। आइए देखते हैं यहां धनिया पत्ती के सेवन के मुख्य फायदे :-

**पाचन में सुधार:-** धनिया पत्ती पाचन में सहायक होती हैं। खाली पेट धनिया पत्ती का सेवन करने से पेट साफ रहता है और गैस की समस्या कम होती है।

**शरीर का डिटॉक्सीफिकेशन:-** खाली पेट धनिया पत्ती में एंटीऑक्सिडेंट्स होते हैं जो शरीर से विषैले पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करते हैं।

**प्रतिरोध प्रणाली की मजबूती:-** खाली पेट धनिया पत्ती विटामिन C से भरपूर होती है, जो शरीर की प्रतिरोध प्रणाली को मजबूती प्रदान करता है।

**हृदय के स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है:-** खाली पेट धनिया पत्ती ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में सहायक होती है और कोलेस्ट्रॉल के स्तर को भी संतुलित रखने में मदद करती है।

**जोड़ों की सूजन और दर्द में राहत:-** खाली पेट धनिया के पत्तों में एंटी-इंफ्लैमेटरी गुण होते हैं जो जोड़ों की सूजन और दर्द में राहत प्रदान करते हैं।

**ताजगी और ऊर्जा:-** खाली पेट धनिया पत्ती का सेवन करने से दिन की शुरुआत में ताजगी और ऊर्जा महसूस होती है।

**वजन नियंत्रण में फायदेमंद:-** धनिया पत्ती का सेवन मेटाबॉलिज्म को बढ़ावा देने में मदद करता है जिससे वजन नियंत्रित रहता है। धनिये के पत्तों को खाली पेट चबाने से वजन कम करने में मदद मिल सकती है।

**रक्त शुद्धिकरण में सहायक:-** धनिया खून को शुद्ध करने में मदद करता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स की भरपूर मात्रा होती है जो रक्त को शुद्ध करते हैं। खाली पेट धनिया खाने से शरीर का रक्त स्वच्छ बना रहता है।

# 42 साल की श्वेता तिवारी की हॉटनेस ने किया हैरान, कैमरे के सामने दिखाया कर्वी फिगर



टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपनी अदाकारी का जादू लंबे समय से देशभर के दर्शकों पर चलाया है। एक्ट्रेस ने अब तक के करियर में यह तो साबित कर ही दिया है कि वह किसी भी तरह के किरदार में बखूबी खुद को ढाल सकती है। अपनी अदाकारी के अलावा श्वेता ने अपनी सिजलिंग अदाओं का जादू भी हर किसी पर चलाया है। अब एक बार फिर से एक्ट्रेस का ग्लैमरस अंदाज देखने को मिला है।

श्वेता अपने चाहने वालों के साथ जुड़ी रहने के लिए सोशल मीडिया पर भी एक्टिव रहती हैं। अक्सर वह फैंस के साथ अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ-साथ पर्सनल लाइफ की झलक भी शेयर करती रहती हैं।

अब उन्होंने फिर फैंस के साथ नया लुक शेयर किया है। फोटोज में श्वेता चेक प्रिंट वाला लोअर और स्लीवलेस क्रॉप टॉप पहने हुए नजर आ रही हैं।

श्वेता ने अपने इस लुक को मिनिमल मेकअप से कंप्लीट किया है। एक्ट्रेस ने सटल बेस के साथ न्यूड लिप शेड और न्यूड आईज रखी है। इसके साथ श्वेता ने बालों को ओपन रखा है और गोल्ड हूप ईयररिंग्स पहने हैं। एक्ट्रेस इस लुक में भी बहुत खूबसूरत और अट्रैक्टिव दिख रही हैं। अब फैंस की नजरें उन पर टिकी रह गई हैं।

श्वेता की इन अदाओं को देखकर यकीन ही नहीं किया जा सकता कि वह 42 साल की हो चुकी हैं और 2 बच्चों की मां हैं। एक्ट्रेस की 22 साल की बेटी पलक तिवारी भी बॉलीवुड में डेब्यू भी कर चुकी हैं। वहीं, श्वेता ने आज भी खुद को बहुत फिट रखा है। अपने कर्वी फिगर से वह सबके होश उड़ा देती हैं और बोल्डनेस से किसी भी एक्ट्रेस को टक्कर दे सकती हैं।

# तेरी आदत 2 के लिए उत्साहित हूं अनुष्का सेन

सिद्धार्थ निगम के साथ तेरी आदत 2 में अभिनय करने वाली अभिनेत्री अनुष्का सेन का कहना है कि वह अपने आगामी गीत को लेकर उत्साहित हैं और दोनों ने इसे बड़ा बनाने के लिए काम किया है। अनुष्का सेन और सिद्धार्थ निगम को मुंबई में डिनर आउटिंग के दौरान देखा गया। बातचीत करते हुए, दोनों ने अपने तीसरे गाने तेरी आदत 2 के बारे में बात की। गाने के बारे में बात करते हुए अनुष्का सेन ने कहा, तेरी आदत को बहुत प्यार और सराहना मिली, अब तेरी आदत 2 आ रही है, प्रशंसक बेसब्री से गाने का इंतजार कर रहे थे, हम दोनों गाने को लेकर उत्साहित हैं। हम दोनों ने गाने पर बहुत मेहनत की है और यह बहुत अच्छा लग रहा है।


सिद्धार्थ निगम और अनुष्का सेन ने गल करके और तेरी आदत म्यूजिक वीडियो किए हैं, दोनों ही प्रशंसकों के बीच काफी हिट रहे।

टीजर को मिली प्रतिक्रिया के बारे में बात करते हुए, सिद्धार्थ ने कहा, टीजर को जिस तरह की प्रतिक्रिया मिल रही है, उससे मैं खुश हूं, हमने इसे बड़ा बनाने के बारे में सोचा, सब कुछ दोगुना होगा, मज़ा और सब कुछ। तो, गाना रिलीज होने तक इंतजार करें। तेरी आदत 2 को अभि दत्त ने गाया और कंपोज किया है, गाना असीम अहमद अब्बासी ने लिखा है, गाने में हर्ष शर्मा भी हैं। गाना जल्द ही रिलीज होगा।





# शाहरुख की जवान के लिए एकजुट हुए दुनियाभर के 6 मशहूर एक्शन निर्देशक



शाहरुख खान अपनी फिल्म जवान के साथ बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने के लिए तैयार हैं। फिल्म के प्रीव्यू और गानों को प्रशंसकों ने काफी पसंद किया और वह बेसब्री से इसकी रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। अब फिल्म के एक्शन सीक्वेंस से जुड़ी खबर सामने आई है, जिसे जानकर प्रशंसक और भी उत्सुक हो गए हैं। दरअसल, निर्माताओं ने फिल्म के एक्शन को धमाकेदार बनाने के लिए 6 बड़े एक्शन निर्देशकों की एक फौज तैयार की थी। जवान इस साल की सबसे बड़ी एक्शन एंटरटेनर फिल्मों में से एक है। ऐसे में फिल्म के निर्माताओं ने दर्शकों को कुछ नया और जबरदस्त दिखाने के लिए 6 बेहतरीन एक्शन निर्देशकों को इसका हिस्सा बनाया, जो विश्व स्तर पर सर्वश्रेष्ठ फिल्मों में एक्शन सीक्वेंस फिल्मा चुके हैं।

मिली जानकारी के अनुसार, जवान में बाइक, ट्रक और कार के अलावा भी कई तरह के एक्शन सीन को इन निर्देशकों ने फिल्माया है, जो बेहद ही रोमांचक होंगे।

द फास्ट एंड द फ्यूरियस, कैप्टन अमेरिका और टीनएज म्यूटेंट निंजा टर्टल जैसी हॉलीवुड फिल्मों का हिस्सा रहे स्पिरो रजाटोस भी जवान से जुड़े हैं। वह शाहरुख की फिल्म रा.वन का हिस्सा थे, जिसमें उनके एक्शन सीक्वेंस को सराहा गया था। हॉलीवुड, बॉलीवुड और तेलुगु फिल्मों में काम करने वाले एक्शन निर्देशक यानिक बेन ने भी फिल्म रईस के बाद दोबारा शाहरुख के साथ काम किया है। वह इंसेप्शन और टाइगर जिंदा है में एक्शन सीक्वेंस शूट कर चुके हैं।

वॉर, मैड मैक्स: फ्यूरी रोड और एवेंजर्स: एज ऑफ अल्ट्रॉन जैसी फिल्मों में एक्शन सीन के पीछे क्रेग मैक्रे का हाथ है। अब जवान में उनकी भागीदारी ने टीम के कद को और ऊंचा कर दिया है। केचा खम्फकडी ने हिंदी सहित कन्नड़, मलयालम, तमिल, तेलुगु और अंग्रेजी भाषा की फिल्मों में काम किया है।वह मुख्य रूप से प्रभास की बाहुबली 2 में अपने प्रभावशाली योगदान के लिए जाने जाते हैं, जिसके लिए उन्हें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला था। इनके अलावा शेरशाह, सूर्यवंशी और पठान जैसी फिल्मों में एक्शन सीन से अपनी छाप छोड़ने वाले सुनील रोड्रिग्स ने भी जवान में जबरदस्त एक्शन फिल्माया है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### भारतीय जनता पार्टी, पश्चिम मण्डल युवा मोर्चा के कार्यकारिणी की घोषणा

**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी, पश्चिम मण्डल युवा मोर्चा के अध्यक्ष रितुराज शर्मा ने आज 4 उपाध्यक्ष, 2 महामंत्री सहित 40 सदस्यीय कार्यकारिणी की घोषणा की। जिलाध्यक्ष बृजेश बिचपुरिया एवं युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित मिश्रा एवं पश्चिम मण्डल अध्यक्ष तिलकराज यादव की अनुशंसा से उन्होंने आज अपनी कार्यकारिणी घोषित की। श्री शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष जोनाथन जोना सहित एम रवि, कमलेश सिंह व जयप्रकाश गुप्ता को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है। इसी क्रम में बी. शिवराम व अनिल नायक को महामंत्री, अर्जुन, विकास सिंह, सनमुख, अशोक वाधवानी व शुभम मिश्रा को मंत्री, प्रीतम जोनजाड़कर को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है। मीडिया विभाग के प्रभारी अनिकेत चौहान व सहप्रभारी आर. प्रभाकर को बनाया गया है। इसी तरह सोशल मीडिया प्रभारी मोहित प्रसाद व अरबाज खान तथाा प्रचार-प्रसार सूचना प्रभारी धनमत सैट्टी व विजेंद्र देवांगन को बनाया या है। कार्यालय मंत्री पद की जिम्मेदारी सन्नी सिंह व संदीप निर्मलकर को दी गई है। इसी क्रम में कार्यकारिणी में फ्नीश साहू, सत्या ठाकुर, अमन सिंह वैस, ईश्वर चंद्र जायसवाल, पी.करण, मनीष कुमार, अरूण बाघ, चंद्रशेखर, धनंजय कुमार, एस.राजशेखर, सुधीर शरणागत, प्रकाश मण्डावी, मनोज सोनानी, आकाश साहू, अकंत वर्मा, दानेश्वर देशमुख, अमन शर्मा, हर्ष सिंह, पीयूष टंडन व वाशू वेद शामिल हैं।

### दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने किया वॉर रूम और कॉल सेंटर का उदघाटन

**दुर्ग।** जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने जिला भाजपा कार्यालय में कॉल सेंटर और वॉर रूम का उदघाटन किया। जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा द्वारा वैदिक विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद कॉल सेंटर और वार रूम में कार्य प्रारंभ हुआ। कॉल सेंटर और वॉर रूम उदघाटन के दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने कहा कि प्रदेश भाजपा के निर्देश पर दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में वॉर रूम और कॉल सेंटर बनाया गया है। विधानसभा और लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए यह सारी तैयारी की जा रही है। यहां संगठन, पदाधिकारियों एवं निर्वाचन संबंधी तमाम जानकारियां उपलब्ध रहेगी। चुनाव को लेकर पार्टी द्वारा जारी दिशा निर्देशों सहित अन्य गतिविधियों के संबंध में जानकारी एकत्र कर उसका उपयोग चुनाव एवं संगठनात्मक कार्यों में किया जाएगा। दुर्ग भाजपा कार्यालय में कॉल सेंटर की स्थापना तीसरी मंजिल पर स्थित हॉल में की गई है, जहां 36 ऑपरेटरों के बैठने की व्यवस्था है, यहां 36 लैपटॉप भी लगाए गए हैं, इसके लिए इंटरव्यू करके डेढ़ सौ युवाओं में से 36 युवक-युवतियों का चयन किया गया है। कॉल सेंटर का उपयोग दुर्ग जिला संगठन के अलावा दुर्ग संभाग के अंतर्गत आने वाले भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से संपर्क करने के लिए भी किया जाएगा। कॉल सेंटर के माध्यम से मोदी सरकार के लाभार्थियों एवं आमजनों से भी संवाद होगा। केंद्र सरकार की योजनाओं के संबंध में आम नागरिकों से चर्चा कर फीडबैक लेने में कॉल सेंटर का उपयोग होगा। कॉल सेंटर का पूरा सिस्टम ऑनलाइन रहेगा, चंद मिनटों में ही सैकड़ो लोगों से बात करने की व्यवस्था कॉल सेंटर के माध्यम से रहेगी। आम नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद बनाए रखने के लिए कॉल सेंटर का उपयोग किया जाएगा कॉल सेंटर के माध्यम से लोगों को मोदी सरकार की योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की जाएगी।


### कलेक्टर ने विडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से की निर्वाचन कार्यों की समीक्षा

**दुर्ग।** आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 एवं मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 अक्टूबर 2023 के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पुष्पेन्द्र कुमार मीणा एवं पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा द्वारा 22 अगस्त 2023 को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से निर्वाचक एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली गयी। उक्त बैठक में अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी अरविन्द कुमार एक्का, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अश्वनी देवांगन तथा अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी बजरंग दुबे उपस्थित रहे। बैठक के दौरान निर्वाचन कार्य की प्रगति के संबंध में समीक्षा की गयी। निर्वाचक/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को अति संवेदनशील मानचित्रण (वलनरबिलिटी मैपिंग) तथा निर्वाचन के दौरान लॉ एंड ऑडर के संबंध में विस्तृत चर्चा की गयी। कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केन्द्रों का चिन्हांकन कर बीएलओ द्वारा घर-घर सर्वे के दौरान मतदान प्रतिशत में कमी के कारणों की पहचान कर स्वीप गतिविधियों के माध्यय से मतदान प्रतिशत बढ़ाने कहा गया।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जन्मदिन पर युवाओं को दिया बीपीओ का तोहफा

श्रीकंचपनथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज अपने जन्मदिन पर छत्तीसगढ़ के युवाओं को बीपीओ सेंटर का तोहफा दिया। कलेक्टोरेट के सामने मल्टीलेवल पार्किंग के पांचवे और छठवें माले पर बने इस बीपीओ सेंटर का मुख्यमंत्री ने शुभारंभ किया। उन्होंने यहां बीपीओ सेंटर में काम करने के लिए एक सौ युवाओं को जॉब लेटर भी दिए। इस बीपीओ सेंटर की स्थापना लगभग दस करोड़ रूपये की लागत से की गई है।**



मुख्यमंत्री बघेल की सोच के अनुरूप इस बी.पी.ओ. सेंटर के शुरू हो जाने से अब रायपुर के युवाओं को उन्नत व आधुनिक सुविधाओं के जरिए रोजगार के नये अवसर भी मिलेंगे। इस बी.पी.ओ. सेंटर के जरिए छत्तीसगढ़ के युवा कॉल सेंटर कस्टमर सपोर्ट, सेल्स एंड मार्केटिंग, डाटा एंट्री, टेक्निकल सपोर्ट, चौट सपोर्ट, बैंक एंड फ्रंट ऑफिस वर्क, सोशल मीडिया हैण्डलिंग, डाटा एनालिसिस जैसे आउटसोर्सिंग व्यवसायों से जुड़ेंगे। बीपीओ सेंटर का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि सूचना क्रांति के इस दौर में रायपुर में लम्बे समय से ऐसे आधुनिक बी.पी.ओ. सेंटर की जरूरत महसूस हो रही थी, जहां काम करते हुए कम लागत पर बेरोजगार व कॉलेज में पढ़ रहें युवाओं को पूरी दुनियां से जुड़कर अपने कौशल बढ़ाने का समुचित अवसर मिले। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में भी हर घर तक संदेशों को पहुंचाने के लिए ऐसे बीपीओ आधारित हाइटेक कॉल सेंटर की आवश्यकता शहर में महसूस की जा रही थी। रायपुर में इस तरह के कॉल सेंटर उपलब्ध नहीं होने के कारण यहां के युवाओं को इंदौर, बैंगलुरू जैसे अन्य महानगरों में जाकर रोजगार के अवसर तलाशने पड़ते थे।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि प्रतिस्पर्धा के दौर में सीमित संसाधनों के कारण यहां कें युवा रोजगार से वंचित हो जाते थे। अब रायपुर में बीपीओ सेंटर खुल जाने से ऐसे युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। इस सेंटर के मार्फत देश-विदेश की बड़ी कंपनियों और वाणिज्यिक सेवा संस्थानों से जुड़कर स्थानीय युवाओं की रोजगार और विकास में भागीदारी भी बढ़ेगी। इसके साथ ही नई तकनीकों के उपयोग से विभिन्न कंपनियों में संपर्क होने से युवाओं का संवाद कौशल भी बढ़ेगा, जिससे विकास के नए रास्ते खुलेंगे।

उल्लेखनीय है कि देश में अपने तरह का अनोखा मॉडल है जिसमें सरकार एक सेतु बनकर सर्विस प्रोवाइडर्स को स्थानीय युवाओं को रोज़गार के लिए आमंत्रित कर रही है। इस बीपीओ सेंटर में पूरी अधोसंरचना सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई है। सर्विस प्रोवाइडर्स को भी राज्य सरकार ने आमंत्रित किया है और राज्य के युवाओं को रोज़गार उपलब्ध कराया है। बीपीओ सेंटर में कार्यरत युवाओं को 15 से 18 हजार रुपए प्रतिमाह वेतन के रूप में मिलेगा।

### 500 युवाओं को रोजगार मिलेगा, आज 100 युवाओं को मिले जॉब लेटर

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने बीपीओ सेंटर का उद्घाटन करते हुए यहां काम करने के लिए 100 युवाओं को जॉब लेटर भी दिए। इस बीपीओ सेंटर में छत्तीसगढ़ के 500 युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। बीपीओ सेंटर में काम करने के लिए लगभग एक हजार आवेदन मिले थे। तीन दिन की स्क्रिनिंग प्रक्रिया के बाद इनमें से साढ़े छह सौ युवाओं को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया था। साक्षात्कार के बाद 100 युवाओं का चयन बीपीओ में काम करने के लिए किया गया है। शेष चार सौ युवाओं का चयन भी आने वाले 10-15 दिनों में कर लिया जाएगा और एक महीने की ट्रेनिंग के बाद उन्हें बीपीओ में नौकरी दे दी जाएगी। बीपीओ सेंटर के लोकार्पण के पश्चात मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने युवाओं के साथ सेल्फी भी ली।

# जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में मनाया जा रहा किसान सेवा सप्ताह



श्रीकंचपनथ न्यूज

**दुर्ग।** सदभावन दिवस के अवसर पर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग के सभी शाखाओं में किसान सेवा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में शाखा दुर्ग में आयोजित किसान सेवा सप्ताह कार्यक्रम में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष राजेन्द्र साहू शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने किसानों को गमछा एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में उन्होंने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही लगभग 19 लाख किसानों का कर्जा माफकिया गया साथ ही पानी टैक्स का बकाया माफकिया गया, बिजली बिल हॉफ योजना से उपभोक्ता लाभान्वित हो रहे है, भूमिहीन कृषक मजूदरों को 7000 रुपये प्रति वर्ष आर्थिक सहायता दी जा रही है। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य देने के लिये घोषणा के अनुरूप 2500 रु. में खरीदना चाहा मगर केन्द्र की भाजपा सरकार ने इसमें अडंगा लगाते हुए आदेश जारी कर दिया कि अगर धान के समर्थन मूल्य के अतिरिक्त बोनस राशि दिया गया तो राज्य का चावल नहीं खरीदेंगे। इसीलिए ''राजीव गांधी न्याय योजना'' के तहत किसानों को प्रति एकड़ 9000 रूपए इनपुट सब्सिडी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार किसानों, मजदूरों एवं गरीबों की सरकार है।

कोरोनाकाल को याद करते हुए कहा कि जब केन्द्र एवं विभिन्न राज्यों की सरकारें कोरोनाकाल में अपने बजट में कटौती कर रही थी एवं अपने कर्मचारियों के वेतन में भी कटौती कर रही थी ऐसे विकट परिस्थिति में भी प्रदेश की भूपेश सरकार ने किसानों को दिए जा रहे बोनस राशि में कटौती नहीं की, बल्कि ऐसे समय में उनके साथ डट कर खड़े रही।

प्रदेश में बनायी जा रही समस्त योजनाएँ गांव, गरीब एवं किसानों को ध्यान में रखकर बनायी जा रही है। गोधन न्याय योजना के कारण प्रदेश में खेती किसानी में रुझान बढ़ा है, किसानी अब घाटे का सौदा नहीं रह गया। प्रदेश में किसानों की आय में अप्रत्यासित वृद्धि हुई है। जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हुई है। इसी प्रकार गोधन न्याय योजना से भी पशुपालकों में उत्साह बढ़ा है एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में एक अच्छा पहल है।

# निर्वाचन का कार्य महत्वपूर्ण रखे विशेष ध्यान-कलेक्टर

श्रीकंचपनथ न्यूज

**रायगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा ने आज सृजन सभा कक्ष में आगामी विधानसभा निर्वाचन संबंध में सेक्टर अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि निर्वाचन का कार्य अति महत्वपूर्ण है, निर्वाचन के कार्य में कही भी लापरवाही नहीं होनी चाहिए, इसका सभी विशेष ध्यान रखें।

कलेक्टर सिन्हा ने सभी सेक्टर अधिकारियों को उनके दायित्वों की जानकारी देते हुए, कहा कि निर्वाचन में सेक्टर अधिकारियों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती हैं। अतः सभी सेक्टर अधिकारी गंभीरता पूर्वक कार्य करें। कलेक्टर सिन्हा ने सभी सेक्टर अधिकारियों से कहा कि आपकी जिस क्षेत्र में ड्यूटी लगाई गई हैं, उन क्षेत्रों के मतदान केंद्रों का निरीक्षण करें एवं सभी सुविधाएं सुनिश्चित करें। उन्होंने नवीन मतदान केंद्र के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि मतदान केंद्रों की दूरी, पहुच मार्ग, वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित कर सेक्टर मैंप तैयार करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्र परिर्वतन, भवन परिवर्तन, नाम परिवर्तन के संबंध में लोगों को जानकारी देने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान केंद्रों में पेयजल, विद्युत, बैठक, शौचालय जैसे सुविधाएं सुनिश्चत करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी सेक्टर अधिकारियों को ईवीएम की जानकारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्वाचन पुस्तिका को पढने एवं निर्वाचन आयोग के साइट में उपलब्ध जानकारी से अपडेट रहने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने शेडो एरिया वाले मतदान केन्द्रों के लिए कम्यूनिकेशन प्लान के तहत् लैण्डलाइन, वायरलेस इसी प्रकार भौगोलिक बाधा वाले मतदान केन्द्रों तक पहुंचने के लिए पहुंच मार्ग हेतु विस्तृत कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कम एवं औसत मतदान वाले केन्द्रों में स्वीप गतिविधियों के माध्यम से मतदान के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। जिससे उन मतदान केन्द्रों में शत-प्रतिशत वोटिंग हो सकें। उन्होंने मतदान केन्द्रों के आसपास राजनैतिक दलों के बैनर पोस्टर न हो सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर सिन्हा ने क्रिटिकल एवं वल्नारेबल मतदान केन्द्रों के संबध में जानकारी दी।

# शहीद महेन्द्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक सामाजिक सुरक्षा योजना से मिला वनवासियों को सामाजिक सुरक्षाः मंत्री अकबर

श्रीकंचपनथ न्यूज

**कवर्धा।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा वनवासी तेन्दूपत्ता संग्राहकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से शहीद महेन्द्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक सामाजिक सुरक्षा योजना से लाभान्वित कर सहायता प्रदान कर रही है। प्रदेश के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि विधायी तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर आज बोड़ला विकासखंड के रेस्ट हाऊस में ग्राम सरोधी के श्रीमती सोनकुंवर बैगा और ग्राम कुर्मा की श्रीमती कांति बाई साड़ीया को तेंदूपत्ता सामाजिक सुरक्षा का 2-2 लाख रुपए का चेक प्रदान किया।

वन मंत्री ने चेक वितरण करते हुए विपत्तिग्रस्त परिवार के सदस्यों से कहा कि वह इस चेक को बैंक में जमा कर राशि प्राप्त कर सकते हैं। चेक वितरण करते समय मंत्री श्री अकबर ने परिजनों से भेंट भी की और अपनी संवेदना प्रकट की।



कैबिनेट मंत्री श्री मोहम्मद अकबर ने परिवार से भेंट-मुलाकात करते हुए कहा कि किसी भी परिवार के लिए हर सदस्य का एक महत्वपूर्ण योगदान रहता है। परिवार का चाहे वह छोटा या बड़ा या घर का मुखिया हो अकास्मात रूप से परिवार को छोड़कर चले जाना उस परिवार के लिए एक अपूर्णिय क्षति होती है। उन्होंने विपत्तिग्रस्त परिवार के सदस्यों को हर संभव सहायता के लिए आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि देश में इस तरह की यह पहली योजना है, जो तेंदूपत्ता संग्राहकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित है।

उल्लेखनीय है कि इस योजना के अंतर्गत तेंदूपत्ता संग्रहण में लगे पंजीकृत संग्राहक परिवार के मुखिया, जिनकी आयु मृत्यु दिनांक को 18 से 50 वर्ष तक हो, उसकी सामान्य मृत्यु होने पर उसके द्वारा नामांकित व्यक्ति अथवा उत्तराधिकारी को दो लाख रूपए की सहायता अनुदान राशि प्रदान की जाती है। दुर्घटना से मृत्यु होने पर दो लाख रूपए की राशि अतिरिक्त रूप से प्रदान की जाती है। दुर्घटना से पूर्ण निःशक्तता की स्थिति में दो लाख रूपए तथा आंशिक निःशक्तता की स्थिति में एक लाख रूपए की सहायता अनुदान राशि दुर्घटनाग्रस्त पात्र तेंदूपत्ता संग्राहक को प्रदान की जाती है। इसी तरह तेंदूपत्ता संग्रहण में लगे पंजीकृत संग्राहक परिवार के मुखिया, जिनकी आयु मृत्यु दिनांक को 51 से 59 वर्ष के बीच हो, उसकी सामान्य मृत्यु होने पर उसके द्वारा नामांकित व्यक्ति अथवा उत्तराधिकारी को 30 हजार रूपए तथा दुर्घटना से मृत्यु होने पर 75 हजार रूपए की सहायता अनुदान राशि प्रदान की जाती है। दुर्घटना में पूर्ण निःशक्तता की स्थिति में 75 हजार रूपए तथा आंशिक निःशक्तता की स्थिति में 37 हजार 500 रूपए की सहायता अनुदान राशि दुर्घटनाग्रस्त पात्र तेंदूपत्ता संग्राहक को प्रदान की जाती है।

# उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने रायगढ़ और सक्ती न्यायालय का किया निरीक्षण

श्रीकंचपनथ न्यूज

**रायपुर। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर के मुख्य न्यायाधीश श्री रमेश सिन्हा हाईकोर्ट के मामलों की सुनवाई पश्चात् 22 अगस्त 2023 को औचक निरीक्षण हेतु रायगढ़ पहुंचे। रायगढ़ जाते समय उनके द्वारा सक्ती न्यायालय का भी निरीक्षण किया गया।**



उल्लेखनीय है कि सक्ती में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश व व्यवहार न्यायाधीशों के न्यायालय हैं। निरीक्षण के समय न्यायालयों में प्रकरणों की सुनवाई चल रही थी तथा कर्मचारी कार्य कर रहे थे। सक्ती न्यायालय में पार्किंग व्यवस्था अत्यन्त खराब पायी गयी। अधिवक्ताओं के बैठने हेतु कोई उचित व्यवस्था नहीं थी। न्यायालय के बरामदे में फर्नीचर जीर्ण-शीर्ण हालत में व अस्त-व्यस्त रखे हुये थे। बरामदे में बिजली के तार भी खुली हालत में अव्यवस्थित तरीके से दिखाई दे रहे थे। न्यायालय में साफ-सफाई भी नही थी। बरामदे में रखी कियोस्क मशीन बंद थी तथा उसमें धूल लगी हुयी थी। न्यायालय की अधोसंरचना न्यायालय की गरिमा के अनुरूप नहीं थी। उक्त अव्यवस्था को देखकर मुख्य न्यायाधीश ने नाराजगी जाहिर की तथा सुधार हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मुख्य न्यायाधीश ने अधिवक्ताओं से भी मुलाकात की तथा उनसे उनकी समस्याएं जानी।

इसके उपरांत मुख्य न्यायाधीश द्वारा जिला न्यायालय रायगढ़ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय न्यायिक अधिकारी न्यायालयों में पीठासीन थे तथा प्रकरणों की सुनवाई चल रही थी। उन्होंने जिला न्यायालय के लगभग समस्त कक्षों का निरीक्षण किया। रिकार्ड रूम में प्रकरणों को उचित व्यवस्थित रूप से रखने हेतु जिला एवं सत्र न्यायाधीश, रायगढ़ को निर्देशित किया गया। वाटर फिल्टर व उसके आस-पास सफाई हेतु भी निर्देशित किया गया। इसके उपरांत वह अधिवक्ताओं से मिले। अधिवक्ताओं ने फूल-माला से उनका सम्मान किया। अधिवक्ताओं ने मुख्य न्यायाधीश से उद्बोधन हेतु आग्रह किया जिस पर उन्होंने उपस्थित अधिवक्ताओं के समक्ष उद्बोधन दिया। तदुपरांत उन्होंने न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक भी ली तथा आवश्यक निर्देश दिये। रायगढ़ से वापसी के समय बाराद्वार रेस्ट हाउस में सक्ती की कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना तथा एसपी एम.आर. अहिरे ने मुख्य न्यायाधीश से मुलाकात की। मुख्य न्यायाधीश द्वारा उन्हें सक्ती न्यायालय की अधोसरंचना को न्यायालय की गरिमा के अनुरूप बनाये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

### ।। न्यायालय तहसीलदार भिलाई नगर तहसील व जिला दुर्ग।।

-:: ईश्तहार ::-

रा.प्र.क्र./आर.डी.अ-6/ वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती जाहिदा बेगम पिता अब्दुल हक निवासी सेक्टर 2 भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.नं. 45 स्थित भूमि ख.नं. 2577/117 रकबा 0.02 हे. भूमि आवेदक के पिता के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। खातेदार की मृत्यु होने से मृतक का नाम विलोपित कर उनके वैध वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने के संबंध में आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अत उक्त संबंध में पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 10.09.2023 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 18.08.2023 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई नगर

### जिले की उत्कृष्ट दिव्यांग खिलाड़ी प्रीति यादव ने कलेक्टर से की मुलाकात

**गरियाबंद।** जिले की उत्कृष्ट दिव्यांग खिलाड़ी प्रीति यादव ने आज कलेक्टर आकाश छिकारा से कलेक्टोरेट कार्यालय में मुलाकात की। प्रीति को खेलों में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। इस दौरान मुख्यमंत्री बघेल के हाथों सम्मानित होने और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खेलों में अहम योगदान देने के लिए कलेक्टर छिकारा ने प्रीति की प्रशंसा करते हुए उन्हें बधाई दी। साथ ही प्रीति की हिम्मत और हौसला की तारीफ करते हुए युवाओं को उनसे प्रेरणा लेने की बात कही। फिंगेश्वर के ग्राम बरभाटा निवासी दृष्टिहीन प्रीति यादव राष्ट्रीय स्तर के खेलों में प्रतिनिधित्व कर जिले को गौरवान्वित किया है। 2012 से विभिन्न खेल प्रतियोगिता में भाग लेकर 9 से अधिक पदक प्राप्त की है।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर, अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर




### सेल्स मैनेजर की लाश घर पर फंदे से लटकती मिली, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में एक सेल्स मैनेजर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। कमरे के वेंटिलेशन में गमछा बांधकर फांसी पर झूल गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के घरवालों का आरोप है कि उसने आत्महत्या नहीं की है, उसकी हत्या की गई है। पुरानी बस्ती थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पीएम रिपोर्ट के बाद मामले का राजफाश हो सकेगा।

दरअसल, रायपुर के भाटागांव स्थित पानी टंकी के पास संजय कदम अपनी पत्नी नीलू कदम के साथ रहता था। दोनों ने लव मैरिज की थी। मंगलवार की शाम पांच बजे के करीब संजय ने फांसी लगा ली। जिसके बाद उसकी पत्नी ने पड़ोसियों के साथ मिलकर लाश को नीचे उतारा और चंगोराभाठा के एक निजी अस्पताल लेकर आ गई। जहां डाक्टरों ने उसकी मौत की पुष्टि कर दी। मृतक के स्वजनों ने आरोप लगाया है कि लाश के गले में कोई निशान नहीं है। उसने फांसी नहीं लगाई है बल्कि उसे मारा गया है। उन्होंने कहा कि युवक का डेढ़ साल पहले एक्सीडेंट हुआ था। जिससे उसका एक हाथ पूरी तरह काम करना बंद कर चुका था। वो कैसे वेंटिलेशन की ऊंचाई पर चढ़कर फंदा बांध सकता है।

पुरानी बस्ती सीएसपी राजेश चौधरी ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेज दिया गया। मामले की जांच की जा रही है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह का पता चल सकेगा।

# अवैध रूप से शराब की तस्करी कर रहे दो बदमाश पकड़ाए, 40 पेटी गोवा जब्त, एमपी से ला रहे थे शराब

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग जिले की कुम्हारी पुलिस शराब तस्करी करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। नागपुर के रहने वाले दोनों बदमाश मध्यप्रदेश में निर्मित गोवा ब्रांड की शराब की तस्करी कर रहे थे। सूमो वाहन में 40 पेटी गोबा शराब भरकर दुर्ग की ओर आ रहे थे इस बीच पुलिस की गिरफ्त में आ गए। पुलिस ने तस्करों के कब्जे से 40 पेटी शराब व सूमो वाहन जब्त किया है। जब्त मशरुका की कीमत 7,21,200 रुपए बताई जा रही है। आरोपियों के खिलाफ धारा 34 ( 2 ) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।




कुम्हारी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एसीसीयू की टीम को विशेष सूत्रों से पता चला की रायपुर से दुर्ग की ओर सूमो वाहन क्रमांक सीजी 16 सीबी 0813 में मध्यप्रदेश निर्मित शराब को अवैध रूप लाया जा रहा है। सूचना पर टीम द्वारा सूमो वाहन का पीछा कर वाहन में सवार आशीष बंसोड़ व शुभम बिसेन को पकड़ा गया। दोनों नागपुर के रहने वाले हैं। इनके कब्जे से वाहन में 40 पेटी गोवा विस्की अंग्रेजी शराब मिला जिसके कोई वैद्य दस्तावेज नहीं थे।

आरोपियों के कब्जे से 40 पेटी गोवा विस्की अंग्रेजी शराब प्रत्येक पेटी में 48-48 पौवा कुल 1,920 पौवा जब्त किया गया। कुल शराब की मात्रा 345.600 वल्क लीटर कीमती 2,11, 200 रुपए है। सूमो वाहन कीमती 5 लाख रुपए भी जब्त किया गया। साथ ही पुराना विवो कंपनी का मोबाईल कीमती 10,000 रुपए कुल जुमला कीमती 7,21,200 रुपए जब्त किया गया। इस पूरी कार्रवाई में थाना कुम्हारी से एएसआई अजय सिंह, प्रधान आरक्षक नंदलाल सिंह, आरक्षक बंदी सिंह, मनीष, यशवंत, ओमप्रकाश एवं एसीसीयू से एएसआई पूर्ण बहादुर, आरक्षक संतोष गुप्ता, अनुप शर्मा, पन्ने लाल, जुगनू सिंह, उपेन्द्र यादव, शिव मिश्रा, समीम खान एवं शहबाज खान की उल्लेखनीय भूमिका रही।

## एक-एक लाख के दो इनामी सहित 14 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

### कारगर साबित हो रहा ऑपरेशन मानसून

**दंतेवाड़ा (ए)।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में से एक दंतेवाड़ा में पुलिस का ऑपरेशन मानसून कारगर साबित हो रहा। बुधवार को मलांगिर एरिया कमेटी व कटेकल्याण एरिया कमेटी के 14 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। समर्पण करने वालो में दो नक्सली एक-एक लाख के इनामी भी हैं। समर्पण करने वाले नक्सली सड़क काटने, पेड़ काट कर सड़कों पर गिराना, नक्सली बैनर पोस्टर लगाने, गांवों में लोगों को नक्सली विचारधारा में जोड़ने का काम करते थे।



दंतेवाड़ा में छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव से पहले बड़ी संख्या में नक्सलियों के आत्म समर्पण से नक्सलियों को बड़ा झटका लगा है। पुलिस के द्वारा आपरेशन मानसून और विधानसभा के चुनाव को देखते हुए पुलिस के द्वारा नक्सल क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन बढ़ा दिए गए हैं। इससे नक्सलियों को अपना क्षेत्र छोड़ कर जाने पर मजबूर होना पड़ रहा है।

बता दें कि एसपी दंतेवाड़ा द्वारा सभी आत्मसमर्पित को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पुनर्वास योजना के तहत मिलने वाले सभी प्रकार के लाभ प्रदान कराया जायेगा। लोन वर्राटू अभियान के तहत अब तक 161 इनामी नक्सली सहित कुल 629 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर समाज के मुख्यधारा में जुड़ चुके हैं। दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय ने कहा कि नक्सली संगठन टूट चुका है। क्षेत्र में सक्रिय नक्सलियों से अपील करते हैं कि मुख्यधारा में लौट आए और सरकार की योजनाओं का लाभ लें।

### आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली

भूमा माडवी ग्राम तनेली डीएमएस अध्यक्ष, कुमारी हिडमे ग्राम पेडका केएएमएस अध्यक्ष, हुंगा कुरुडाम अरनपुर पंचायत जनताना सरकार उपाध्यक्ष, कुमारी हुंगी जियाकोडता पंचायत सीएनएम सदस्या, हडमा सोडी जियाकोडता पंचायत सीएनएम सदस्य, कोसा करटाम जियाकोडता पंचायत मिलिशिया सदस्य, लिंगा पोडियाम जियाकोडता पंचायत मिलिशिया सदस्य, राजू कोवासी जियाकोडता पंचायत मिलिशिया सदस्य, हडमा सोडी जियाकोडता पंचायत डीएकेएमएस सदस्य, पोज्जा करटाम जियाकोडता पंचायत मिलिशिया सदस्य, गंगा कोवास जियाकोडता पंचायत मिलिशिया सदस्य, राजू राम जियाकोडता पंचायत मिलिशिया सदस्य, कुमारी डिमे ग्राम पेडका सीएनएम सदस्या, कुमारी पाण्डे कवासी ग्राम पेडका केएएमएस सदस्या ने आत्मसमर्पण किया।

## दीवार ढहने से 10 साल की बच्ची की मौत, भारी बारिश के चलते भरभराकर गिर गई दीवार



**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही।** गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के नवागांव में गुरुवार को कच्चे मकान की दीवार ढहने से 10 साल की बच्ची वर्षिका कंवर की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और बच्ची के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। मामला पेंड्रा थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, वर्षिका मूल रूप से गांव पुलवारीपारा (रामगढ़) की रहने वाली थी। वो नवागांव में नाना-नानी के घर रहकर पढ़ाई करती थी। वो चौथी क्लास में पढ़ती थी। गुरुवार को गांव में तेज बारिश हो रही थी। बच्ची घर के अंदर खेल रही थी, तभी भारी बारिश के कारण कच्चे मकान की दीवार ढह गई। इसके नीचे दबने से बच्ची की मौत हो गई। लोगों ने उसे मलबे से निकाला, लेकिन तब तक उसकी जान जा चुकी थी।

लोगों ने घटना की सूचना पेंड्रा थाना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और बच्ची के शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंपा। बच्ची के शव का अंतिम संस्कार गुरुवार को किया गया। इधर बच्ची की मौत से माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है।

## बच्चों को लेने जा रही थी स्कूल बस, हाईवा ने मारी टक्कर, ड्राइवर और कंडेक्टर घायल

**कोरबा (ए)।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के रिसदी चौक के पास बुधवार को सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालस की बस में हाईवा ने टक्कर मार दी। टक्कर से बस के सामने का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना में बस के चालक और परिचालक दोनों घायल हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि बस में तीन बच्चे सवार थे, जो सकुशल हैं। हाईवा का स्टेयरिंग लॉक होने के कारण हदसा होने की बात कही जा रही है। दुर्घटना के बाद मौके पर वाहनों की लंबी कतार लग गई।



हाईवा चालक ने बताया कि वह वाहन लेकर मड़वारानी से एनटीपीसी जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में वाहन ने एयर ले लिया, जिसके कारण वाहन बंद होने के साथ ही स्टीयरिंग लॉक हो गई और यह हादसा हो गया। हाईवा चालक स्वराज अली ने बताया कि किसी तरह वहां से टकराने के बाद हाईवा रुक गया, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था।

हादसे के बाद स्थानी लोगों ने चक्का जाम कर दिया। इसके बाद सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाइए दी। लोगों का आरोप है कि इस जगह पर बार-बार हादसे हो रहा है। कई बार लोगों की जान तक गई है, लेकिन उसके बाद भी जिला प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। दुर्घटना में परिचालक लक्ष्मी राम साहू के सिर पर गंभीर चोट लगी है, जबकि चालक राजू सोनी के पैर में चोट लगी है। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बस के दुर्घटनाग्रस्त होने की जानकारी मिलते ही प्राचार्य समेत अन्य स्टाफ मौके पर पहुंचा और स्थिती की जानकारी ली। हादसे के दौरान बस में करीब तीन बच्चे सवार थे, जो सही सलामत हैं। बस रिसदी, नकटीखार सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को लेने निकली हुई थी, लेकिन रास्ते में ही हादसे का शिकार हो गई। सिविल लाइन थाना प्रभारी मृत्युंजय पांडेय ने बताया कि घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए लोगों को समझाइए देखकर चक्का जाम से समाप्त किया गया।

## डेढ़ साल की मासूम बेटी की हत्या कर मां ने कर ली आत्महत्या

**जशपुरनगर।** मानसिक बीमारी से जूझ रही महिला ने अपनी डेढ़ साल की बेटी को कुएं में फेंक कर हत्या करने के बाद स्वयं आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर पुलिस ने हत्या का अपराध पंजिबद्ध कर,मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना जिले के सन्ना थाना क्षेत्र के बलादरपाठ के सरईटोला गांव की है। प्रार्थी पंचम यादव ने सन्ना पुलिस को बताया कि उसके छोटा भाई सदानंद की शादी सरगुजा के सामरी निवासी सोनिया यादव से लगभग 4 साल पूर्व हुआ था।

## बदमाशों के हौसले बुलंद, रात के साए में रास्ता रोककर युवक पर किया चाकू से ताबड़तोड़ हमला, मौके पर हुई मौत

**बिलासपुर (ए)।** जिले में बदमाशों के हौसले बुलंद हैं। पुलिस से बिना खौफ खाए अपराध को अंजाम दे रहे हैं। एक ताजा मामला हत्या का सरकंडा थाना क्षेत्र से आया है। यहां बदमाशों ने एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी है। मामले की सूचना मिलते ही सरकंडा पुलिस मौके पर पहुंचकर मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है। पुलिस ने कुछ संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि मामला पुरानी रंजिश का है।



जानकारी के अनुसार, बुधवार की देर रात सरकंडा थाना क्षेत्र के इमली भाटा में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक की चाकू मारकर हत्या अज्ञात आरोपियों ने हत्या कर दी। मृत युवक का नाम राजेश रावत उर्फ चकरा गोलू राजेन्द्र नगर का रहने वाला था। निगम की पार्किंग में काम करता था। बताया जा रहा है कि देर रात राजेश बाइक से अपने ओर जा रहा था तभी अज्ञात युवकों ने रास्ता रोककर उसपर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिससे राजेश की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची सरकंडा पुलिस जांच में जुट गई है। मामले में पुलिस कुछ संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

# कोरबा पुलिस ने भट्टी नष्ट कर 300 लीटर अवैध शराब की जब्त

**कोरबा (ए)।** हर हाल में अवैध गतिविधियों को समाप्त करने और अपराध मुक्त समाज की रचना करने के लिए पुलिस पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। इसके अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं। कोरबा जिले में उरगा पुलिस ने चीतापाली गांव में दबिश देकर एक ठिकाने पर प्रभावी कार्रवाई को अंजाम दिया। मौके से 300 लीटर महुआ शराब और 1 हजार किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया।

कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक यू. उदय किरण के मार्गदर्शन में उरगा थाना प्रभारी युवराज तिवारी और टीम ने बुधवार को यह कार्रवाई ग्राम चीतापाली में की। पुलिस को जानकारी मिली थी कि नाला के किनारे पिछले कुछ दिनों से अवैध रूप से महुआ की शराब बनाने का काम कुछ लोगों के द्वारा किया जा रहा था इसी गांव के रहने वाले अमृत और सुखलाल की इसमें मुख्य भूमिका थी, भाग निकले। उनके विरुद्ध आबकारी एक्ट की धाराओं के अंतर्गत पुलिस ने अपराध रजिस्टर्ड किया है और संभावित ठिकानों पर तलाश की जा रही है। थाना प्रभारी युवराज तिवारी ने बताया कि पुलिस के द्वारा जिस ठिकाने पर रेड कार्रवाई की गई वहां से 300 लीटर महुआ शराब के अलावा हजारों की कीमत का महुआ लहान भी मिला है। अब शराब बनाने वाले लोगों



ने आगामी कार्य योजना के लिए इतनी बड़ी मात्रा में माल रखा हुआ था। विभिन्न क्षेत्रों के भ्रमण के दौरान पुलिस के पास इनपुट आ रहा था कि कुछ इलाकों में अवांछित हरकतें चल रही हैं और इनका बुरा असर आसपास की व्यवस्था पर पड़ रहा है। ऐसी सूचनाओं में अवैध शराब का मुद्दा भी शामिल था। सूचना की पुष्टि करने के साथ इस गांव में रेड करने से पहले उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया और उनसे निर्देशन प्राप्त करते हुए कार्रवाई को अंजाम दिया गया। ग्राम चीतापाली में अवैध शराब बनाने के लिए जो हाथ भट्टी बनाई गई थी उसे फौरी तौर पर नष्ट कर दिया गया है।

### कम्युनिटी पुलिसिंग पर भी काम

उरगा पुलिस थाना प्रभारी युवराज तिवारी ने बताया कि पुलिस अधिकारियों को विश्वास में लेकर हम अपने क्षेत्र में प्रभावी काम करने पर ध्यान दे रहे हैं। कम्युनिटी पुलिसिंग की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। लोगो के साथ परस्पर संवाद करने से उनका विश्वास जीतने में हमें सफलता मिली है और विभिन्न क्षेत्रों से सूचना भी प्राप्त हो रही हैं। हमारी कोशिश अपनी भूमिका से अच्छा वातावरण निर्माण करने और लोगों को सही रास्ते पर लाने की होगी।


सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950